# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com रायपुर, मंगलवार 8 जुलाई 2025





## खबर संक्षेप

### बीएसएफ जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में सोमवार को एक अग्रिम चौकी पर तैनात बीएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल मृदुल दास रामगढ़ सेक्टर में सीमा चौकी मल्लुचक पर संतरी की ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उन्होंने खुद को गोली मार ली।

### महाराष्ट्र में दिखी संदिग्ध नौका की तलाश शुरू

**मुंबई।** पुलिस और समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के रेवदांडा तट के पास एक संदिग्ध नाव की तलाश तेज कर दी है, जिसे संभवतः मछली पकड़ने वाली पाकिस्तानी नौका बताया जा रहा है। रविवार रात को भारतीय नौसेना के रडार पर यह नाव रेवदांडा में कोरलाई तट से करीब दो समुद्री मील दूर देखी गई।

मैनपाट में पूरी साय सरकार, तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज, भाजपा अध्यक्ष ने दी नसीहत

# नड्डा की दो टूक- भ्रष्टाचार से रहें दूर, ऐसा काम न करें जिससे जनता के बीच जाने पर शर्म महसूस हो

मैनपाट से राजकुमार ग्वालानी

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंत्रियों, भाजपा विधायकों व सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते हुए दो टूक कहा कि किसी भी हाल में पार्टी भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती है। सभी को भ्रष्टाचार से दूर रहना चाहिए। आप लोग कोई भी ऐसा काम न करें जिससे पार्टी की छवि खराब हो।

भारी बारिश के बीच अंबिकापुर के विमानतल पहुंचने के बाद श्री नड्डा का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने स्वागत किया। मौसम खराब होने के कारण श्री नड्डा का सड़क मार्ग से मैनपाट आना पड़ा। यहां पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। सबसे पहले उन्होंने एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत कार्यक्रम स्थल पर ही एक कल्प वृक्ष लगाया। इसके बाद भाजपा का झंडा भी फहराया। श्री नड्डा के केंद्र सरकार की .योजना वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया।



### खास बातें

- नड्डा ने मंत्रियों, भाजपा विधायकों व सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग का किया उद्घाटन
- विमानतल पर नड्डा का सीएम साय और डिप्टी सीएम शर्मा ने किया स्वागत

### मार्गदर्शन का मिलेगा सबको लाभः किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का आज हम सबको मार्गदर्शन मिला है। उससे सबको लाभ होगा। आगे भी राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के नेताओं का जो मार्गदर्शन मिलेगा उसका लाभ भी सबको मिलेगा। उन्होंने कहा, जेपी नड्डा का सारगर्भित मार्ग दर्शन विभिन्न विषयों पर मिला। सरकार की योजना, आगामी कार्यक्रम को लेकर मार्ग दर्शन मिला। उनका मार्गदर्शन ⏭|शेष पेज 7 पर

### नड्डा के तेवर सख्त

शिविर में श्री नड्डा के तेवर सख्त दिखे। उन्होंने भाजपा के बारे में बात करते हुए कहा, पार्टी का एक सिद्धांत है कि इसकी छवि किसी भी हाल में खराब नहीं होना चाहिए। इसका सबको ध्यान रखना है। कोई भी ऐसा काम नहीं करना है जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचे। सबसे अहम ध्यान देने वाली यह है कि किसी भी हाल में पार्टी में भ्रष्टाचार करने वालो को बर्दाश्त नहीं किया जाता है। उन्होंने सभी मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को साफ शब्दों में भ्रष्टाचार से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा, कोई भी ऐसा काम न करें जिससे आपको जनता के बीच में जाने में शर्म महसूस हो। हमेशा जन के हित में काम करें। जनता के साथ आपका ⏭|शेष पेज 7 पर

## शाह देश के सामने चुनौतियों के समाधान में भाजपा की भूमिका पर रखेंगे बात, कल पहुंचेंगे मैनपाट

- समापन में बीएल संतोष और आरएसएस के अभय राम का भी मिलेगा मार्गदर्शन





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के समापन में 9 जून को डेढ़ घंटे तक रहेंगे। मैनपाट में वे देश के सामने चुनौतियों के समाधान में भाजपा की भूमिका पर अपनी बात रखेंगे। समापन में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और आरएसएस के अभय राम का भी मार्गदर्शन मिलेगा। भाजपा का मैनपाट में सोमवार से तीन दिनों का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुआ है। इसका ⏭|शेष पेज 7 पर

### शाह अंबिकापुर से आएंगे मैनपाट

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का समापन में आना तय हो गया है। वे दोपहर को तीन बजे बीएसएफ के विमान से दरिमा विमानतल अंबिकापुर पहुंचेंगे। यहां से वे मैनपाट आएंगे। और समापन सत्र में देश के सामने चुनौतियों के समाधान में भाजपा की भूमिका पर अपनी बात रखेंगे। वे समापन सत्र में 3.45 से 4.45 बजे तक रहेंगे। इसके वाद वे लौट जाएंगे। पहले के सत्रों में सुबह को आरएसएस के प्रांच प्रचारक अभय राम और इसके बीएल संतोष एक-एक विषय पर अपनी बात रखेंगे।

### आज शिवराज देंगे मार्गदर्शन

दूसरे दिन चार सत्र होंगे। इसमें सुबह 9.30 बजे से लेकर रात के 10 बजे तक सत्र चलेंगे। चार सत्रों में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, वी सतीश के अलावा राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अलग-अलग विषयों पर अपनी बात रखेंगे।

# 21.74 अरब के घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के खिलाफ चालान, हर माह दुर्ग भेजे जाते थे 20 करोड़

## सिंडीकेट बनाकर किया घोटाला, नेता और अफसरों में बंटी रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭| रायपुर

ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में 29 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ 21 सौ पन्नों का चालान पेश किया गया। चालान में कहा गया है कि आबकारी अधिकारियों ने अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के सिंडीकेट में शामिल होकर 21 अरब 74 करोड़ का घोटाला किया। इस इस रकम को बड़े अफसर और नेताओं को बांटा गया। चालान में दुर्ग-भिलाई के किसी राजनेता का जिक्र है जिसे हर महीने 20 करोड़ रुपए भेजे जाते थे। ईओडब्लू के वकील मिथिलेश वर्मा के अनुसार शराब घोटाले में 227 गवाहों की सूची कोर्ट में सौंपी गई है।

**15 जिलों में बेची अवैध शराबः** जांच में मिले तथ्यों के आधार पर राज्य स्तर पर बस्तर और सरगुजा संभाग को छोड़कर घोटाला करने 15 ऐसे बड़े जिलों का चुनाव किया ⏭|शेष पेज 7 पर


28 आबकारी अफसरों के खिलाफ 2100 पन्नों का चालान, जज छुट्टी पर, अब सोमवार को होगा पेश

हरिभूमि फॉलोअप

### 32 सौ करोड़ के घोटाले का अनुमान

पूर्व गणना के आधार पर यह शराब घोटाला सभी तरह के कमीशन, दुकानों में बिना ड्यूटी पेड अतिरिक्त शराब की बिक्री को जोड़कर लगभग 2161 करोड़ रुपए का माना जा रहा था, किंतु नई जांच के आधार पर घोटाले की संपूर्ण राशि 32 सौ करोड़ रुपए से अधिक की होने का अनुमान ईओडब्ल्यू तथा एसीबी ने लगाया है। विदेशी शराब पर सिंडीकेट द्वारा लिए गए कमीशन का गहन विश्लेषण ईओडब्ल्यू, एसीबी द्वारा किया जा रहा है।

- ट्रकों में भरकर सीधे दुकानों में पहुंचाई जाती थी शराब, बिना ड्यूटी चुकाए बेची, अरबों का फर्जीबाड़ा
- हर महीने 20 करोड़ रुपए दुर्ग भिलाई के किसी नेता को भेजने का जिक्र, टुटेजा-अनवर मास्टर माइंड

### इन जिलों में खपाई अवैध शराब

प्रदेश के 15 जिलों का चयन किया गया था। यह ऐसे जिले थे जहां देसी शराब की खपत ज्यादा होती है। सरगुजा और बस्तर को छोड़कर बाकी जिलों को टारगेट किया गया। सिंडीकेट इन्हीं जिलों में अवैध शराब खपाता रहा। इन 17 जिलों में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार, गरियाबंद, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, बेमेतरा और रायगढ़ शामिल थे। इन जिलों के आबकारी अधिकारी सिंडीकेट का हिस्सा बन गए और शराब बिक्री की रकम को ऊपर तक पहुंचाते रहे।

### इन अफसरों के खिलाफ कोर्ट में चालान

- जनार्दन कौरव - सहायक जिला आबकारी अधिकारी
- अनिमेष नेताम- उपायुक्त आबकारी
- विजय सेन शर्मा- उपायुक्त आबकारी
- अरविंद कुमार पाटले- उपायुक्त आबकारी
- प्रमोद कुमार नेताम- सहायक आयुक्त आबकारी
- रामकृष्ण मिश्रा- सहायक आयुक्त आबकारी
- विकास कुमार गोस्वामी- सहायक आयुक्त आबकारी
- इकबाल खान - जिला आबकारी अधिकारी
- नितिन खंडुजा- सहायक जिला आबकारी अधिकारी
- नवीन प्रताप सिंग तोमर- सहायक आयुक्त आबकारी
- मंजुश्री कसेर- सहायक आबकारी अधिकारी
- सौरभ बख्शी- सहायक आयुक्त आबकारी,
- दिनकर वासनिक- सहायक आयुक्त आबकारी
- मोहित कुमार जायसवाल- जिला आबकारी अधिकारी
- नीतू नोतानी ठाकुर- उपायुक्त आबकारी

⏭|शेष पेज 7 पर






संघ पहुंचेगा हर गांव-हर घर, पंच परिवर्तन के विषयों पर होगी चर्चा

# शताब्दी वर्ष में देशभर में होंगे हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन करेगा। हर गांव- हर घर तक संघ पहुंचेगा। हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी। इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का ⏭|शेष पेज 7 पर



**समाज के सभी वर्गों की सहभागिता होगी :** सुनील आंबेकर ने बताया कि प्रांत प्रचारक बैठक में शताब्दी वर्ष की योजना को लेकर चर्चा हुई। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल और शहरी क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में देश में संघ रचना से 58964 मंडल, 4455 बस्तियां हैं। हिन्दू सम्मेलनों में समाज के उत्सवों, सामाजिक एकता व सद्भाव, पंच परिवर्तन के विषयों पर चर्चा होगी।


**11360 खंडों व नगरों में होंगी बैठक :** इसी प्रकार समाज में सद्भाव-समरसता को बढ़ावा देने के लिए 11360 खंडों/नगरों में सामाजिक सद्भाव बैठकों का आयोजन होगा। संघ रचना के अनुसार देश के 924 जिलों में प्रमुख नागरिक गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। समूह, व्यवसाय, वर्ग के अनुसार गोष्ठियों में भारत के विचार, भारत के गौरव, भारत के स्व आदि विषयों पर चर्चा होगी।


### सर्वसमावेशी-सर्वस्पर्शी होगा अभियान

सुनील आंबेकर कहा कि वृहद गृह संपर्क अभियान के तहत हर गांव, हर बस्ती के अधिकतम घरों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। विजयादशमी उत्सव से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा। देशभर में आयोजित विजयादशमी उत्सवों में सभी स्वयंसेवक शामिल होंगे।

## आफत की बारिश... कई दिनों की बारिश से नदी-नाले लबालब, जनजीवन अस्तव्यस्त


मैनपुर


जांजगीर-चांपा


पेंड्रा


बिलासपुर


कोरबा

**बिलासपुर।** सोमवार को भी मानसून का रौद्र रूप दिखाई देता रहा। सुबह से दोपहर तक शहरी और ग्रामीण इलाकों में हुई भारी बारिश के चलते पूरा इलाका पानी पानी हो गया। शाम पांच बजे तक बिलासपुर में लगभग 12 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। दोपहर में हुई तेज बारिश से शहर के अनेक इलाकों में पानी भर गया, सड़क पर चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोरबा में भी बारिश ने आफत मचाई है। जांजगीर चांपा में कुकदा कन्जी नाल उफान पर है। शिवरीनारायण सलखन होते जांजगीर मार्ग अवरुद्ध हो गया है। पेंड्रा में लगातार 4 दिनों से रुक रुक हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश से देहारगुड़ा और खामभाठा सड़क में निर्माण किए गए एप्रोच मार्ग टूटकर बह गया जिससे खामभाठा गांव का संपर्क टूट गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 11 मजदूर घायल, 4 गंभीर

**गंडई पंडरिया।** ग्राम सिंगबोरा के भैंसा मरान नाला के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से उसमें सवार 11 मजदूर घायल हो गए। जिनमें से 4 को गंभीर चोंटे आने के कारण छुईखदान के शासकीय अस्पताल रेफर किया गया है। बताया गया कि ग्राम कनसिंघा से ट्रैक्टर का चालक सिंगबोरा गांव में मजदूर लेने आया था। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सामबाई बैगा, समल सिंह बैगा, मनटोरी बैगा, सुरेखा मरकाम, सुखवारो धुर्वे, देववती बैगा, दशमत बैगा, प्यारी बैगा, महावती बैगा, धुरकुंवर बैगा, ब्रिच कुंवर, सूरजलाल मेरावी, सरजू मरकाम, लिलु मरकाम और बाबूलाल पंडरिया सहित कुल 15 मजदूरों को ग्राम चोभर में खेत में धान का थरहा (पौधा) लगाने के लिए ले जाया जा रहा था। इस घटना के संबंध में ग्रामीणों द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### चलती बस का ड्राइवर हुआ बेहोश, गड्ढे में घुसा वाहन



**भवानीपुर।** चन्द्राकार सवारी बस के ड्राइवर का अचानक बीमार पड़ने से बड़ा हादसा टल गया। बस आरंग से बलौदा बाजार चलती है। अपने निर्धारित समय से कौडिया और घोटीया के बीच में ड्राइवर रामकृष्ण यादव 60 निवासी अचानक बेहोश हो गया, जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक गड्ढे में जा घुसी, जिसमें चार से पांच सवारी सवार थे। यात्रियों को कोई चोट नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने मौका स्थल पर यात्री एवं ड्राइवर को तत्काल बाहर निकले और खपरी निवासी मुकेश झा ने तत्काल थाना प्रभारी हेमंत पटेल को जानकारी दी और अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीएस ध्रुव ने तत्काल उपचार करना प्रारंभ किया और ड्राइवर को घटना के बारे में पूछ-ताछ की।

### नदी में मिला अज्ञात शव पुलिस शिनाख्त में जुटी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कढ़ईखोदरा के कड़पाकला नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ी गली स्थिति में मिला। कढ़ईखोदरा निवासी सेवकराम ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई को कढ़ईखोदरा नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ा गला स्थिति में झाड़ियों के बीच फंसा हुआ दिखाई दिया। शव की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मरचुरी भेजा गया और विवेचना में लिया गया।

### करंट लगने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 48 वर्षीय सशीला मंडल घर के पास बिजली करंट की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतिका के पुत्र पीवी 132 निवासी निर्मल मंडल ने पुलिस को बताया कि उसकी मां 5 जुलाई को बिजली पोल के सपोटिंग तार में चिपक गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में बड़ा हादसा, प्रबंधन का दावा-उत्पादन पर नहीं पड़ा फर्क

# बीएसपी में कोक ओवन 5, 6 की गैलरी गिरी, प्रोडक्शन ठप

**भिलाई इस्पात संयंत्र में सोमवार को एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। दोपहर करीब दो बजे अचानक कोक ओवन की बैटरी 5-6 की गैलरी 200 फीट ऊंचाई से भरभरा कर नीचे गिर गई। इससे कोई जन हानि नहीं हुई, लेकिन बैटरी का उत्पादन ठप हो गया। प्रबंधन द्वारा रिपेयर का कम शुरू कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खास खबर

जानकारी के मुताबिक कल से हो ही रही बारिश के चलते प्लांट में मुश्किलें शुरू हो गई हैं। लोहे के स्ट्रक्चर गिरने की आवाज से आसपास के कर्मियों में दहशत फैल गई। जिस स्थान पर गैलरी गिरी, उसके नीचे किसी कर्मी के नहीं होने से कोई जनहानि नहीं हुई। विभागीय कर्मियों की सूचना पर दमकल गाड़ी सहित सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। पूरे एरिया को सील किया गया। सिविल टीम द्वारा स्ट्रक्चर हटाने व मेंटेनेंस का काम शुरू कर दिया है। हादसे में कोई घायल तो नहीं हुआ, इसे लेकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इससे हॉट मेटल का काम भी प्रभावित होने के आसार हैं।



### कोई हताहत नहीं मरम्मत हुई शुरू

बीएसपी ने गैलरी गिरने की दुर्घटना से उत्पादन प्रभावित होने से इनकार किया है। जनसंपर्क विभाग के मुताबिक बीएसपी के कोक ओवन बैटरी नं. 5,6 के बीच गैलरी गिरने से किसी भी कर्मचारी को चोट नहीं आई है। गैलरी गिरने से उत्पन्न हुई स्थिति से निपटने अन्य व्यवस्था की गई है, ताकि उत्पादन किसी भी तरह से प्रभावित न हो। क्षतिग्रस्त गैलरी को जल्द दुरुस्त करने के प्रयास भी प्रारंभ किए जा चुके हैं। इससे उत्पादन प्रभावित नहीं होगा।

## जानवरों के शिकार के लिए बिछाए करंट तार में फंसकर अधेड़ की मौत

### जंगल में मिली लाश, अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम लंबर के पास जंगल में जानवरों को पकड़ने के लिए बिछाए गए बिजली तार के संपर्क में करंट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम डोंगरीपाली निवासी चैतन सिंह (47) का दो दिन पूर्व स्वास्थ्य खराब था। उन्हें सोहन सिंह ईलाज के लिए विगत 8 जून की शाम लंबर ले जा रहा था। इस बीच लंबर के पहले पूर्व सरपंच निर्मल जाटवर की ब्रिक्स फैक्ट्री के पास पैसा मांगने के लिए उतरा, तभी चैतन वहीं से जंगल की ओर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। आसपास पता तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला दूसरे दिन 9 जून को परिजन व गांव के लोगों ने लंबर के पास धनराज जंगल में पुनः उसकी तलाश की, जहाँ मृतक का शव छाती के बल पर पड़ा मिला। मृतक के दाहिना पैर के टखना के पास और बायें पैर के घुटना के नीचे की हड्डी जली हुई पाई गई।



अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगल में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट युक्त तार की चपेट में आने से चैतन सिंह की मृत्यु हुई होगी। बताया जाता है कि चैतन मानसिक रूप से भी अस्वस्थ था। वहीं पीएम रिपोर्ट में भी डाक्टरों ने उनकी मृत्यु करंट से होना लेख किया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।


### वन विभाग ने की अंधेरा होने पर घर में रहने की अपील

## तेंदुए ने एक घर में घुसकर दो मुर्गियों को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला मुख्यालय में शिवनगर एवं उदय नगर वार्ड की पहाड़ी में तेंदुए की फिर से हलचल देखने को मिली है, इस ईलाके में तेंदुआ पहले भी कई बार नजर आ चुका है। तेंदुआ जब भी इस ईलाके में नजर आता है, तो कुछ दिनों तक मुहल्लेवासी दहशत में जीने को मजबूर हो जाते है। अंधेरा होने के बाद घरों से निकलने पर उनको डर बना रहता है। मुहल्लेवासियों ने बताया कि एक घर से दो मुर्गियों का शिकार भी कर चुका है। वन विभाग से माँग है कि उस पर नजर रखकर उनको कैद करके दूसरे जंगल में छोड़ा जाए, जिससे दहशत में राहत मिल सके।

जानकारी के अनुसार 7 जुलाई की सुबह 7 बजे के आसपास एक तेंदुआ शिवनगर एवं उदय नगर वार्ड की पहाड़ पर नजर आया। मुहल्लेवासियों ने पहाड़ पर दिखे तेंदुआ की फोटो को जूम करते हुए मोबाइल में कैद करके सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद वन विभाग भी सक्रिया हो गया। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची, परंतु तब तक तेंदुआ पहाड़ों की खोह में छिप गया था। मुहल्लेवासियों ने बताया कि 6 जुलाई की रात को लगभग 11 से 12 बजे की मध्य रात्रि को एक घर से दो मुर्गियों को उठाकर ले गया। इस घटना की जानकारी मिलने



के बाद मुहल्लेवासी भी दहशत में आ गए है और दिनभर तेंदुआ के दस्तक पर चर्चा होती रही। तेंदुआ जिस पहाड़ी पर 7 जुलाई को दिखाई दिया। उसके पहले भी इसी पहाड़ी पर तेंदुआ कई बार वाक करते हुए नजर आ चुके है। दो से तीन साल पहले नजर आएं तेंदुआ की संख्या दो थी और उसके साथ दो शावक भी थे। मुहल्लेवासियों ने बताया कि हम लोगों ने निर्णय लिया है कि अंधेरा होने के बाद किसी को घर से नहीं निकलना है। वन विभाग से माँग की है कि पहाड़ी पर नजर आने वाले तेंदुआ को कैद करके दूसरी जगह छोड़ा जाएं, इससे सदैव लोगों को डर बना रहता है। मुहल्लेवासियों ने कहा कि वन विभाग की टीम को मुहल्ले में गश्त बढ़ाना चाहिए, जिससे उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

### वन विभाग की टीम नियमित कर रही गश्त

वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल ने बताया कि जिस पहाड़ पर तेंदुआ सुबह दिखाई दिया है। वहाँ पर वन अमले की टीम लगातार गश्त कर रही है। इसके अलावा तेंदुआ के मूवमेंट पर भी नजर रखी जा रही है। हमारी टीम रात को भी पहाड़ के चारों ओर गश्त करेगी। तेंदुआ जंगल की ओर निकल जाता है, तो ठीक है। बस्ती में घुसता है, तो उसके पकड़ने की रणनीति भी तैयार की जाएगी। इसके अलावा मुहल्लेवासियों से अपील है कि अंधेरे में बेवजह उस इलाके पर न निकले।

## भूस्खलन स्थल की हो रही सीसी टीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी

**जगदलपुर।** ईस्ट कोस्ट रेल जोन के रायगड़ा रेल मन्डल अंतर्गत पिछले बुधवार को केके रेल लाइन के मल्लिगुड़ा-जरटी के मध्य भूस्खलन की घटना के 48 घण्टों में की गई मरम्मत व सुधार कार्य के बाद शुक्रवार की शाम 6 बजे ट्रेक फीट कर दी गई। दो दिनों से बाधित किरन्दुल-कोत्तवालसा रेल लाइन भले ही बहाल हो गया, लेकिन आज 5 दिन हो गए इस लाइन पर यात्री ट्रेनो का परिचालन बंद है। हालांकि ट्रेक फ़ीट देने के बाद से पिछले 3 दिनों से मालगाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

घटनास्थल पर मालगाड़ियां 10 से 20 किमी की रफ्तार से चलाई जा रही है। कारण अभी भी खतरा पूरी तरह से टला नही है। सिंगल लाइन होने की वजह से ट्रेक फ़ीट देने के 3 दिनों के बाद भी घटना स्थल से यात्री ट्रेनो का परिचालन रोका गया है। यही कारण है,कि कोरापुट से जैपुर ओडिशा , जगदलपुर और किरन्दुल के बीच यात्री ट्रेनों का परिवहन नहीं किया जा रहा है। विशाखापटनम रेल मंडल मुख्यालय ने 7 जुलाई तक यात्री ट्रेनों के परिचालन पर रोक लगाई थी। इसके बाद यात्री ट्रेनों का परिचालन करने के संकेत दिए थे। लेकिन 7 जुलाई के बाद भी यात्री ट्रेनो का परिचालन नियमित किया जाएगा, इस पर संशय की स्थिति बनी है।

## नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़ नक्सल संगठन का स्नाइपर ढेर

### डिप्टी कमाण्डर पर था 8 लाख का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नेशनल पार्क एरिया में मारे गए वर्दीधारी नक्सली की शिनाख्त नक्सल संगठन के स्नाइपर याने निशानेबाज सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है। इस पर आठ लाख रूपए का ईनाम घोषित था। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नेशनल पार्क एरिया में पिछले दो दिन से चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने जिस वर्दीधारी नक्सली को मार गिराया था, वह पीएलजीए बटालियन नंबर एक की कंपनी नंबर 2 का डिप्टी कमाण्डर सोढ़ी कन्ना था। जिस पर आठ लाख रूपए का ईनाम घोषित था।



गौरतलब है कि नेशनल पार्कइलाके में तेलंगाना राज्य समिति, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, पीएलजीए बटालियन नंबर 1 तथा अन्य सशस्त्र माओवादी कैडर के नक्सलियों की मौजूदगी पर संयुक्त बल द्वारा 4 जुलाई को अभियान चलाया गया था। 48 घंटे तक चले ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी नक्सली के शव के अलावा हथियार व विस्फोटक बरामद किया था।

**रायफल, मैग्जीन, विस्फोटक सामग्री व नक्सली साहित्य बरामदः एसपीः** बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना का शव के अलावा 303 रायफल 5 जीवित राउंड, एके 47 का मैग्जीन व 59 जीवित राउंड, माओवादी वर्दी, कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया है।

**18 माह में 415 हार्डकोर माओवादी ढेरः** आईजी ने बताया कि बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई (माओवादी) संगठन के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा सघन, रणनीतिक एवं निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। पिछले 18 माह में सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ में मारे बए 415 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

### पुलिस भर्ती के बाद अब फारेस्ट में भी हैदराबाद की कंपनी की गड़बड़ी उजागर

## कंपनी की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे 2773 युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव पुलिस भर्ती में हैदराबाद की टाईम एडं टेक्नालाजी कंपनी द्वारा की गई गड़बड़ी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और अब फारेस्ट महकमे द्वारा वनरक्षकों की भर्ती में भी इस कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता नहीं कराने के चलते 2773 बेरोजगारों को अब दोबारा लंबी कूद का टेस्ट देना पड़ेगा। कंपनी द्वारा की गई इस लापरवाही से अभ्यर्थियों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति भी निर्मित हो गई है।

उल्लेखनीय है कि कुछ माह पहले वन विभाग द्वारा राजनांदगांव के 48 पद और खैरागढ़ डिवीजन के लिए 59 पदों पर वनरक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया की गई थी। राज्य शासन ने इस भर्ती प्रक्रिया के लिए हैदराबाद की टाईम एडं टेक्नालाजी कंपनी को काम दिया हुआ है। यह वही कंपनी है, जिसने राजनांदगांव पुलिस भर्ती में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की थी। भर्ती में मिली शिकायतों के बाद इस कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय शासन ने इसी कंपनी को वन विभाग का जिम्मा भी सौंप दिया था। सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद की कंपनी ने भर्ती प्रक्रिया में पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं कराए थे। जिसके कारण शुरूआत के चार दिनों में मैनुअल प्रक्रिया की गई थी। इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद फारेस्ट महकमे ने इसे काफी गंभीरता से लिया और शुरूआत के चार दिनों में लंबीकूद की प्रक्रिया को फिर से करने के आदेश जारी किए हैं।

### कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं

पुलिस के बाद अब वन महकमे की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कंपनी की इस लापरवाही के कारण 2773 अभ्यर्थियों को दोबारा यह टेस्ट देना पड़ रहा है, फिर भी वन विभाग द्वारा कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कांग्रेस ने इस कंपनी पर कार्रवाई की मांग भी की है।



### सिर्फ चार मशीनें थीं कंपनी के पास

सूत्रों ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के लिए कंपनी ने सिर्फ चार मशीनें ही यहां उपलब्ध कराई थी। प्रतिदिन एक हजार अभ्यर्थियों को लंबी कूद में भाग लेना था, लेकिन मशीनें कम होने के कारण इसे मैनुअल ही पूरा कराया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने ऑनलाइन प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए हैं।

### शीघ्र जारी होगी नई डेट

कंपनी ने शुरूआत के चार दिनों में मैनुअल टेस्ट लिया था। वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा लंबी कूद की प्रक्रिया कराई जा रही है। भर्ती प्रक्रिया की शीघ्र नई तिथि घोषित कर दी जाएगी।

- **आयुष जैन**, डीएफओ

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




काफी इंतजार के बाद सक्रिय हुए मानसून ने आषाढ़ के महीने में सावन का अहसास करा दिया। रायपुर समेत मौसम विभाग के 246 स्टेशनों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। चौबीस घंटे में 100 मिमी. बारिश होने से संकट दूर हो गया और रायपुर जिला सामान्य स्थिति में आ गया। यहां रात से शुरू हुई बारिश का दौर सोमवार को दिनभर चलता रहा। सर्वाधिक असर राजधानी में हुआ। बारिश के प्रभाव से मंगलवार को भी जनजीवन प्रभावित रहने के आसार हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश कोरबा के पाली में 260 मिमी. दर्ज की गई है।

रात से शुरू हुई बारिश का दौर सोमवार को दिनभर चलता रहा, सर्वाधिक असर शहरी इलाके में

# सावन से पहले झमाझम-झड़ी...24 घंटे में 100 मिमी बरसा पानी, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अपने सामान्य दिनों में रायपुर तक पहुंचे मानसून ने जुलाई के प्रथम सप्ताह में अपना जोरदार असर दिखाया है। सप्ताभर से छाए बादल पिछले तीन दिन से लगातार बरस रहे हैं। रवि-सोमवार को इसका व्यापक असर रायपुर समेत मध्य इलाके में हुआ और यहां कई हिस्सों में भारी वर्षा दर्ज की गई। रविवार की स्थिति में रायपुर 34 फीसदी कम बारिश के साथ संकट की स्थिति में था, ▶▶ शेष पेज 7 पर

अलग खबर


**प्रभावित हुआ जनजीवन, असर आज भी रहने के आसार, सबसे ज्यादा 260 मिमी. बरसात पाली में**



## बुधवार से कमी की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार 9 जुलाई से बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। अभी एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई ▶▶ शेष पेज 7 पर

## 30 गांवों में पानी भरा हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान



बिलासपुर। बीजापुर क्षेत्र में बारिश के दौरान 30 गांवों के पानी से घिरने के मामले में शासन ने सोमवार को बताया कि चिंतावागु नदी पर पुल निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। पिछले साल बारिश में कई गांव संपर्क विहीन होने पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। उल्लेखनीय है ▶▶ शेष पेज 7 पर



## सैरसपाटे के लिए देवपहरी गए दो युवक, तीन युवतियां बाढ़ में फंसे

कोरबा। पिछले कई दिनों से बारिश ने जिले में हाहाकार मचा रखा है लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इतनी भीषण बारिश के बाद भी लोग नदी नालों और पहाड़ों में सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं। शहर के तीन युवती, दो युवक देवपहरी चोरनई नदी को पार कर टापू में जा पहुंचे। फिर क्या था कुछ देर बाद नदी का पानी तेज हो गया और पानी की तेज लहरों के बीच पिछले 5 घंटे से युवक युवती फंसे हैं। जब पुलिस प्रशासन को इसकी जानकारी मिली तो कोरबा से रेस्क्यू टीम को तलब किया गया है जहां रेस्क्यू टीम पहुंचने के बाद देर रात को अभियान शुरू किया जाएगा। बताया गया कि ▶▶ शेष पेज 7 पर




*बारिश के बीच कांग्रेस ने दिखाया दम भाजपा पर चौतरफा हमला*

# खड़गे गरजे-नीतीश-नायडू की टांगों पर चल रहे पीएम मोदी, इनमें से कोई हिली तो गिर जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जमकर हो रही बारिश के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को यहां भाजपा पर जमकर हमला बोला। साइंस कालेज मैदान में आयोजित आमसभा में उन्होंने कहा, रायपुर से सामाजिक न्याय का नारा बुलंद हुआ। जिसने 2024 में मोदी सरकार के अहंकार को तोड़ दिया। आज बीजेपी ऐसी हालत में है कि वह खुद की सरकार नहीं बना सकती है। उनका खुद का बहुमत नहीं है। पीएम मोदी फिर से चुनकर नहीं आए हैं, वो अपनी सरकार चलाने दो टांगें दूसरे से लेकर चल रहे हैं। उनकी एक टांग आंध्र की टीडीपी है और दूसरी बिहार के नीतीश कुमार। इनमें से कोई भी हिली तो मोदी गिर जाएंगे। चुनाव के ▶▶ शेष पेज 7 पर

खास खबर



## आदिवासियों के साथ धोखा

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का नाम 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। उनके दर्शन से हम सब पवित्र हुए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ली, उसके पहले ही 11 दिसंबर को ▶▶ शेष पेज 7 पर



## रायपुरवासियों से खास रिश्ता

श्री खड़गे ने कार्यकर्ताओं से कहा, उनका रायपुरवासियों से खास रिश्ता है। रायपुर में फरवरी 2023 में कांग्रेस का महाधिवेशन हुआ था। जब बघेल मुख्यमंत्री थे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य भी यहां बैठे हैं। उस वक्त जो यहां पर महाधिवेशन हुआ उसमें मैं अध्यक्ष बना। उस वक्त 15 हजार डेलीगेट्स ने मुझे ▶▶ शेष पेज 7 पर

## आसमान से आग बरसेगी तो भी आएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने बारिश के बीच में सभा में आई भीड़ का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, कल मैं जब सभा स्थल का दौरा करने के लिए आया था, तो किसी पत्रकार ने मुझसे कहा था कि आज बारिश हो रही है,कल और भी तेज बारिश होगी। ▶▶ शेष पेज 7 पर



## स्कूल खुल गए लेकिन किताबें नहीं पहुंची

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे के आने पर बारिश भी शुरु हो गई है, जिस तरह से नदी नाले उफान पर हैं। ठीक उसी तरह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का जोश उफान पर है। छत्तीसगढ़ में 10 हजार स्कूल बंद हो गए। एमपी में 5 हजार स्कूल बंद, यूपी में 27 हजार स्कूल बंद। बीजेपी सरकार गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है। किसान और बच्चों का जीवन बर्बाद ▶▶ शेष पेज 7 पर



## बैज ने 2028 में सरकार बनाने का किया दावा

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बीजेपी सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मौजूदा सरकार ने स्कूलों को बंद करके गरीबों को शिक्षा से वंचित किया है। कांग्रेस के नेताओं को झूठे मामलों में केंद्रीय एजेंसी की मदद से परेशान किया जा रहा है। प्रदेश में किसान जवान महिलाएं सब परेशान हैं। छत्तीसगढ़ में जिन वादों के साथ बीजेपी सरकार सत्ता में आई थी,वो ▶▶ शेष पेज 7 पर

# तेज रफ्तार ट्रक ने दंपति को कुचला, दोनों की मौत दो महीने पहले हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नवदंपति की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना खुर्सीपार थाना अंतर्गत तेल्हा नाला के करीब की है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। शव को करीब डेढ घंटे बाद उठाकर सुपेला मरचूरी पहुंचाया गया। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि स्कूटी सीजी 07 सीवाई 2426 से पुरानी हस्ती कोहका निवासी मुकेश कुर्रे और पत्नी कमलेश्वरी कुर्रे अपनी रिश्तेदार के यहां खाना खाने खुर्सीपार गए थे। खाना खाकर रविवार की रात स्कूटी से घर लौट रहे थे। तभी घटना स्थल पर अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसा इतना खरतनाक था कि मुकेश, कमलेश्वरी सड़क के बीचों-बीच गिर गए। पीछे रफ्तार से आ रहे ट्रक का कमलेश्वरी के सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ गया। उसके बाद मुकेश चपेट में आया। हादसे में मुकेश और कमलेश्वरी की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे। गए। मृतक का विवाह दो माह पहले ही हुआ था। दहेज में मिली स्कूटी में सवार होकर रिश्तेदार के घर गए थे। मृतक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। कमलेश्वरी का मायके सेक्टर 10 है। घटना रात 10.15 बजे की बताई गई है।



■ स्कूटी में सवार होकर घर जा रहे थे, तेल्हानाला खुर्सीपार के पास हादसा


## एम्बुलेंस से नहीं बल्कि पुलिस वाहन से शव पहुंचाया

*सड़क पर शव करीब डेढ़ घंटे तक पति-पत्नी का शव पड़ा रहा। हादसे के बाद सड़क आसपास के लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने के बाद शव को उठाया गया। परिजनों ने शव को एम्बुलेंस में ले जाने की बिनती करते रहे। मगर रात होने पर शव को पुलिस वाहन से मरचूरी तक पहुंचाया गया। आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप भी लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।*

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 'डिजिटल अरेस्ट' कर महिला से 3.16 करोड़ की ठगी



**मंगलुरु।** मंगलुरु की एक महिला से ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर बात की और "डिजिटल अरेस्ट" का बहाना बनाकर उसे 3.16 करोड़ से ज़्यादा की रकम अंतरित करने के लिए मजबूर किया। 40 वर्षीय महिला ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि छह जून को उसे एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसके पति के नाम पर पंजीकृत सिम कार्ड का "दुरुपयोग" किए जाने की बात कही।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना मामले में 10 को फैसला



**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने इस बात पर फैसला करने के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व डीजीपी चौधरी अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप तय किये जाएंगे या नहीं।


ट्रंप का टैरिफ बम फूटा

# जापान-साउथ कोरिया पर लगाया 25% टैरिफ, ब्रिक्स देशों को दी धमकी

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान और कोरिया पर 25% का टैरिफ बम फोड़ दिया। इसके साथ ही ट्रंप ने भारत सहित ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स देशों के समूह को 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। ट्रंप की ओर से जापान और साउथ कोरिया को 'स्वीकार करें या छोड़ दें' अल्टीमेटम के साथ टैरिफ लेटर जारी किया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से जापानी प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरू और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे-म्यांग को भेजे गए पत्रों के स्क्रीनशॉट भी शेयर किए गए हैं, जिनमें उन्होंने टैरिफ दरों के नए सेट को लागू करने के अपने कदम के बारे में उन्हें बताया गया है।

जापान पर टैरिफ बम फोड़ने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने इस 25% टैरिफ को कम करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा जापान के साथ हमारे व्यापार घाटे की असमानता को खत्म करने के लिए जरूरी संख्या से बहुत कम है।



■ ट्रंप की ओर से 'स्वीकार करें या छोड़ दें' अल्टीमेटम के साथ टैरिफ लेटर भेजा

## ट्रंप ने जापानी पीएम को भेजा लेटर

जापान के प्रधानमंत्री को भेजे लेटर में ट्रंप ने लिखा कि अगले महीने की पहली तारीख यानी 1 अगस्त से हम जापान को अमेरिका में भेजे जाने वाले किसी भी और सभी तरह के जापानी उत्पादों पर सिर्फ 25% का टैरिफ लगाएंगे, जो सभी क्षेत्रीय टैरिफ से अलग होगा। 'जैसा कि आप जानते हैं, अगर जापान की कंपनिया अमेरिका के भीतर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग करने का फैसला करती हैं, तो कोई टैरिफ नहीं लागू होगा।

## भारत सहित ब्रिक्स देशों के लिए ये कहा

ट्रंप ने ब्रिक्स देशों के समूह को लेकर कहा कि वह ऐसे किसी भी देश पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे, जो ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों के साथ तालमेल रखता है, या जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में कोई भी अपवाद नहीं होगा। यानी उनका इशारा भारत की ओर था। ट्रंप ने अपने पोस्ट में यह जाहिर नहीं किया कि वे किस तरह की विशिष्ट नीतियों को अमेरिका का विरोधी मानते हैं।

# निशिकांत की धमकी: पटक-पटककर मारेंगे आओ तो बिहार, उद्धव ने कहा- 'लकड़बग्घा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में भाषा को लेकर सियासत तेज है। भाजपा के झारखंड के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने मनसे चीफ राज ठाकरे को बिहार आने की खुली चुनौती दे डाली और कहा कि अगर राज ठाकरे में इतनी ही हिम्मत है, तो वह बिहार आकर दिखाएं उन्हें पटक-पटकर मारा जाएगा। इसका जवाब राज ठाकरे के भाई उद्धव ठाकरे ने दिया और कहा, छोड़ो दुबे बिबे...ऐसा कोई लकड़बग्घा है जो विवाद कर रहा है। गुवाहाटी में एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में निशिकांत दुबे ने यह बयान दिया।




## उद्धव ने और क्या कहा

निशिकांत दुबे के बयान पर उद्धव ठाकरे ने आगे कहा, हमारे यहां सब खुश हैं, इनकी बात पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। हमारी महाराष्ट्र की जनता सब जानती है। इसके बाद उद्धव न आशिष शेलार के पहलगाम वाले बयान पर कहा कि, ये लोग तो मराठी के दुश्मन हैं।

## निशिकांत बोले- हमारे पैसों पर पल रहे हो

*भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि आप किसकी रोटी खा रहे हो? टाटा, बिरला, रिलायंस की महाराष्ट्र में यूनिट तक नहीं है। टाटा ने तो पहली फैक्ट्री भी तब के बिहार में बनाई, जब झारखंड साथ था। हमारे पैसे पर पल रहे हो, तुम कौन सा टैक्स देते हो। कौन सी इंडस्ट्री है तुम्हारे पास, सारे माइंस हमारे पास है या फिर झारखंड के पास है और छत्तीसगढ़ के पास हैं। मध्य प्रदेश के पास है, ओडिशा के पास है पर आपके पास कौन सी माइंस है।*

# ईडी के छापे में 78 लाख कैश और लग्जरी गाड़ियां बरामद

एजेंसी ▶▶ जयपुर

प्रवर्तन निदेशालय की जयपुर जोनल टीम ने मनी लॉनड्रिंग एक्ट के तहत डेबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड घोटाले में राजस्थान के जयपुर और कोटा जिलों में कई ठिकानों पर छापेमारी की।

ईडी की छापेमारी में 78 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी और ऐसी ऐसी लग्जरी कारें बरामद हुई हैं जिनकी कीमत ही करोड़ों में हैं। ईडी ने यह कार्रवाई कंपनी के चेयरमैन मुकेश महावर उर्फ मुकेश मनवीर सिंह और उनके सहयोगियों के आवास व कार्यालयों पर की।



## शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई

ईडी को यह भी पता चला कि कंपनी ने अपने निचले स्तर के कर्मचारियों को निदेशक बनाकर शेयर बाजार को गुमराह किया। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि निदेशकों ने फंड को विदेशों में भेजा और उसे रियल एस्टेट में निवेश किया।

राणा ने बताया- खलीज युद्ध के दौरान सऊदी अरब भी भेजा गया था

# 'हां, मैं पाक आर्मी का एजेंट था, 26/11 हमले के समय मुंबई में मौजूद रहा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 2008 में हुए 26/11 आतंकी हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा ने अपनी भूमिका स्वीकार कर ली है। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद राणा ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पाकिस्तानी सेना का एक विश्वसनीय एजेंट था और मुंबई हमले के दौरान वह मुंबई में ही मौजूद रहा। वह पूरी तरह से इस आतंकी साजिश का हिस्सा था। राणा ने कहा कि उसे खलीज युद्ध के दौरान सऊदी अरब भी भेजा गया था। उसने और उसके दोस्त डेविड हेडली ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के साथ कई प्रशिक्षण सत्र लिए थे।

## मुंबई में की थी हमले वाले स्थानों की रैकी

राणा ने कबूला कि उसने मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जैसे स्थानों की रेकी की थी। पूछताछ में राणा ने यह भी माना कि इस हमले को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर अंजाम दिया गया था। सन 2008 में जब 26/11 को हमला हुआ, तब वह मुंबई में मौजूद था और वह पूरी तरह से आतंकी साजिश का हिस्सा था।



**सैन्य सेवा से भगोड़ा घोषित कर हुआ था बर्खास्त**

अपने पिछले सैन्य करियर के बारे में राणा ने बताया कि सियाचिन में एक असाइनमेंट के दौरान उसे पल्मोनरी एडिमा हो गया था, जिसकी वजह से उसे लंबे समय तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहना पड़ा। इस लंबी अनुपस्थिति के कारण उसे भगोड़ा घोषित कर बर्खास्त कर दिया गया था जिसके बाद वह आईएसआई के संपर्क में आया और आतंकी घटनाओं में शामिल होने लगा।

## पढ़ा लिखा है राणा, संवेदनशील क्षेत्रों में किया काम

राणा ने बताया कि उसने 1986 में रावलपिंडी के आर्मी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी, जिसके बाद उसे क्वेटा में कैप्टन (डॉक्टर) के पद पर नियुक्त किया गया। उसने सिंध, बलूचिस्तान, बहावलपुर और सियाचिन-बालोतरा सेक्टर सहित पाकिस्तान के कई संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों में भी काम किया। पूछताछ के दौरान, राणा ने डेविड हेडली सहित अब्दुल रहमान पाशा, साजिद मीर और मेजर इकबाल को जानने की बात भी स्वीकार की। ये तीनों पाकिस्तानी नागरिक हैं और माना जाता है कि 26/11 मुंबई हमलों में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। राणा कई भाषाओं जैसे- हिंदी, अंग्रेजी, अरबी और पश्तो का जानकार है।

टोक्यो। दुनियाभर में हर रोज दुर्घटनाओं या आपातकालीन स्थिति में जरूरी खून की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। आंकड़ों से पता चलता है कि हर साल ऐसे लाखों मरीज सिर्फ इसलिए दम तोड़ देते हैं, क्योंकि वक्त पर उन्हें खून नहीं मिल पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की साल 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, हर साल दुनिया में लगभग 118.5 मिलियन यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन जरूरत के मुकाबले मात्र 87 मिलियन यूनिट रक्त एकत्र हो पाता है। जनवरी 2024 में अमेरिकन रेड क्रॉस ने चिंता जताई कि उसे आपातकालीन रक्त की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले 20 वर्षों में रक्त देने वाले लोगों की संख्या सबसे कम है।

# जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त, ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा

रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इतना ही नहीं, सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मामला है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है।

**शोधकर्ताओं की टीम क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही :** खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है, जिसमें परीक्षण किया जाएगा कि क्या सामान्य रूप से फेंक दिए जाने वाले एक्सपायर हो चुके रक्त को कृत्रिम लाल रक्त कोशिकाओं में बदलकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है?

## जिंदगी बचाने वाली खोज, लंबे समय तक रखा जा सकता है सुरक्षित




**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

इंग्लैंड के ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ बायोकेमिस्ट्री में सेल बायोलॉजी के प्रोफेसर एश टॉय कहते हैं, ह्यूमन हीमोग्लोबिन से प्राप्त कृत्रिम रक्त का उपयोग करके जापान में एक नए नैदानिक परीक्षण की शुरुआत संभावित रूप से रोमांचक कदम है। इस क्षेत्र में लंबे समय से संभावनाएं हैं, इससे पहले किए गए प्रयासों को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, विशेष रूप से सुरक्षा, स्थिरता और ऑक्सीजन वितरण प्रभावकारिता को लेकर। इस परीक्षण को न केवल यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता होगी कि कृत्रिम रक्त मनुष्यों में सुरक्षित है, बल्कि यह भी कि यह कई नैदानिक स्थितियों के तहत विश्वसनीय रूप से कार्य कर सकता है।

### दुष्प्रभाव और प्रभाविकता के लिए जांच

स्थानीय समाचार आउटलेट क्योडो न्यूज के अनुसार, नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के परीक्षण के शुरुआती चरणों में मार्च में 16 स्वस्थ वयस्कों को 100 से 400 मिलीलीटर कृत्रिम रक्त दिया गया था। इस ट्रायल के अगले चरण में उपचार की प्रभावकारिता और सुरक्षा की जांच की जानी है। फिलहाल रिपोर्ट में इस बात का जिक्र नहीं है कि प्रतिभागियों को मार्च में कृत्रिम रक्त दिए जाने के बाद किसी भी दुष्प्रभाव का अनुभव हुआ है या नहीं? चूंकि इस कृत्रिम रक्त में विशिष्ट मार्कर नहीं होते हैं जो आमतौर पर इसके ग्रुप को निर्धारित करते हैं (जैसे ए, बी, एबी या ओ)। ऐसे में इसे क्रॉस-मैचिंग के बिना किसी भी रोगी में सुरक्षित रूप से चढ़ाया जा सकता है।



### शुरुआती परिणाम आशाजनक

नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर हिरोमी साकाई ने जापान टाइम्स को एक रिपोर्ट में बताया कि जब रक्त आधान की तत्काल आवश्यकता होती है, तो हमें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कृत्रिम लाल रक्त कोशिकाओं के साथ, रक्त प्रकारों के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है, इसलिए आधान प्रक्रिया जल्दी से की जा सकती है। यह तकनीक अभी भी नैदानिक परीक्षण के चरणों में है, लेकिन शुरुआती परिणाम आशाजनक हैं।

## रोचक खबरें

## वर्दी में आई खूबसूरत हसीना, 16 फुट लंबे किंग कोबरा को कर लिया बस में



**त्रिवेंदम।** केरल की फॉरेस्ट बीट ऑफिसर जीएस रोशनी का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में रोशनी जंगल के बीच में एक 16 फीट लंबे विशालकाय किंग कोबरा का रेस्क्यू करते हुए नजर आ रही हैं। वीडियो रिटायर्ड फॉरेस्ट ऑफिसर सुशांत नंदा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में एक छोटा सा झरना नजर आ रहा है। रोशनी एक उथली धार में स्नेक कैचिंग स्टिक की मदद से सांप को बेहद सधे हुए अंदाज में पकड़ती हैं। जानकारी में सामने आया कि स्थानीय लोग इस झरने के पास नहाने के लिए आते थे। किंग कोबरा नजर आने पर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फॉरेस्ट विभाग की रैपिड रिस्पॉन्स टीम मौके पर पहुंची। रोशनी भी इसी टीम का हिस्सा हैं। रोशनी ने बिना घबराए सांप को पकड़ने के लिए मोर्चा संभाला। स्नैक कैचिंग स्टिक से कुछ ही मिनटों में उन्होंने किंग कोबरा को पकड़ लिया। हालांकि, इस दौरान कोबरा ने कई बार आक्रमण करने की भी कोशिश की, लेकिन रोशनी पूरी बहादुरी से डटी रहीं।उन्होंने सांप को पकड़कर जंगल के अंदर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। सुशांत नंदा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'फॉरेस्ट अफसर जीएस रोशनी ने 16 फुट लंबे किंग कोबरा का रेस्क्यू किया है।

### बचा चुकी हैं 800 सांपों को

वह 800 से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू कर चुकी हैं। जंगल की रानियों को मेरा सलाम।' सोशल मीडिया पर रोशनी की हिम्मत और शांत स्वभाव की खूब सराहना की गई। एक यूज़र ने लिखा, क्वीन ने किंग को बहादुरी से संभाला। वाकई यह प्रेरणाणादायक है। एक अन्य यूजर ने लिखा, रोशनी की बहादुरी को सलाम है। रोशनी पिछले 8 साल से केरल फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में काम कर रही हैं। वह अब तक 800 से जहरीले सांपों को बचा चुकी हैं।

## पेरू में मिला 3,500 साल पुराना खोया हुआ शहर सबसे पुरानी सभ्यता पर खुलेंगे नए राज!

**लीमा।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में पुरातत्वविदों ने एक बेहद महत्वपूर्ण खोज की है। पुरातत्वविदों को यहां एक प्राचीन शहर मिला है। यह शहर बरांका प्रांत के उत्तरी इलाके में है। करीब 3,500 साल पुराने इस शहर का नाम पेनिको है। शुरुआती रिसर्च में सामने आया है कि यह शहर एक समय में व्यापार का बड़ा केंद्र था। यह प्रशांत तट के समुदायों को एंडीज पर्वत और अमेजन बेसिन से जोड़ता था। एक्सपर्ट का कहना है कि इस खोज से कैरल सभ्यता के बारे में कई नई जानकारी सामने आ सकती हैं। कैरल अमेरिका की सबसे पुरानी सभ्यता माना जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, खोजा गया शहर पेनिको पेरू की राजधानी लीमा से 200 किमी उत्तर में है। यह समुद्र तल से 600 मीटर ऊपर है। शहर के बीच में गोल ढांचा है और यह एक पहाड़ी पर बना है। इसके चारों ओर पत्थर और मिट्टी की इमारतें हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि यह शहर 1,800 और 1,500 बीसी के बीच बना था। उसी समय अरब और एशिया में भी सभ्यताएं विकसित हो रही थीं। आठ साल की खोज में 18 इमारतें मिली हैं। इनमें मंदिर और घर शामिल हैं।



## ये है भारत की पहली 'डॉग पेंटर'! वॉटरकलर से अब तक बना चुकी 37 से ज्यादा पेंटिंग

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एक अनोखी कलाकार रहती है– नाम है 'दाली'. दो साल की ये लैब्राडोर डॉगी आज देश की पहली वॉटरकलर पेंटिंग करने वाली श्वान मानी जाती है। लेकिन, दाली की शुरुआत बहुत दर्दभरी थी। सिर्फ 45 दिन की उम्र में उसे एक जगह बांधकर छोड़ दिया गया था। उसी हालत में एक कपल- स्नेहांशु देबनाथ और होई चौधरी ने उसे रेस्क्यू किया और गोद ले लिया। उन्होंने हाल ही में अपने पुराने डॉगी 'पाब्लो' को खोया था, और दाली अब उनके लिए एक साथी से भी बढ़कर बन गई। होई खुद एक आर्टिस्ट हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन दाली स्टूडियो में आई और आसपास की चीज़ों को ध्यान से देखने लगी। होई को लगा कि दाली भी इस क्रिएटिव प्रोसेस का हिस्सा बनना चाहती है। इसके बाद उन्होंने दाली के लिए एक खास ब्रश बनाया जो उसके मुंह में आराम से आ सके और फिर सात महीने की उम्र में दाली ने पहली बार वॉटरकलर में ब्रश डुबोकर अपनी पहली पेंटिंग बना दी। होई बताती हैं कि दाली को कभी किसी तरह की ट्रेनिंग नहीं दी गई। सब कुछ उसके खुद के जिज्ञासा और खेलने के तरीके से होता है। अब तक दाली 37 से ज्यादा एब्स्ट्रैक्ट आर्टवर्क बना चुकी है। ये पेंटिंग्स वो बिना किसी दबाव के बस मस्ती-मस्ती में बनाती है। 2024 में दाली की 12 पेंटिंग्स को एक कैलेंडर में छापा गया। इस कैलेंडर की बिक्री से 35,000 रुपए इकट्ठा हुए, जो 'मार्ग' नाम की हैदराबाद की एक एनिमल रेस्क्यू संस्था को दिए गए। हैरानी की बात ये है कि इस कैलेंडर की डिमांड अमेरिका, कनाडा, चीन और थाईलैंड जैसे देशों से भी आई।




## खुलासा

### भविष्य में एक बार फिर पृथ्वी धीमी होने लगेगी

# 60 करोड़ साल पहले 24 नहीं 21 घंटे का होता था एक दिन

**वॉशिंगटन।** साइंस में हर दिन नए खुलासे होते हैं। हाल ही में एक ऐसा खुलासा हुआ है जिसको जानकर आप भी चौंक जाएंगे। पूरे दिन में कितने घंटे होते हैं। इस सवाल का आप बड़ी ही आसानी से जवाब दे सकते हैं। 24 घंटे, लेकिन अगर मैं यह कहूं कि 60 करोड़ साल पहले एक दिन 24 नहीं, बल्कि 21 घंटे का होता था। मेरी बात सुनकर आप शायद विश्वास न करें।लेकिन, चलिए आपको साइंस की ऐसी स्टडी बताते हैं, जिससे मेरी बात को समझने और इस पर विश्वास करने में आपको आसानी होगी। एक दिन में 24 घंटे होते हैं यानी 86,400 सेकंड। एक दिन के 24 घंटे यह वो समय होता है, जितने समय में पृथ्वी को एक बार घूमने में समय लगता है। हालांकि, पृथ्वी बिल्कुल समान रूप से नहीं घूमती है।



### कैसे आया बदलाव

दिन की लंबाई में जो समय के साथ यह बदलाव आया है यह कई चीजों की वजह से आया है। जिसमें चांद और सूरज के ज्वारीय प्रभाव,पृथ्वी के अंदर कोर-मेंटल युग्मन और ग्रह पर मास का वितरण शामिल है। इसी के साथ भूकंप यानी भूकंप की गतिविधि, ग्लेशियर, मौसम, महासागर और पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र भी दिन की लंबाई पर असर डालता है।

### 2020 में सामने आई स्टडी

साल 2020 में वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली खोज की थी। उन्होंने पाया था कि पृथ्वी धीमी होने के बजाय तेजी से घूमने लगी है। यह अब पिछले 50 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में अधिक तेजी से घूम रही है। जहां एक समय में सामने आता था कि पृथ्वी का रोटेशन धीमा हो रहा है।

### जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

अभी तक, वैज्ञानिक पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं कि पृथ्वी की रोटेशन दर में जो यह तेजी आ रही है, इसके पीछे की वजह क्या है। लेकिन, कुछ ने सुझाव दिया है कि यह 20 वीं शताब्दी के दौरान ग्लेशियरों के पिघलने या नॉर्थ हेमिस्फीयर के ग्लेशियर में बड़ी मात्रा में पानी के इकट्ठा होने के कारण हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह पृथ्वी की रोटेशन में जो यह तेजी आई है या अस्थायी है, यह कुछ ही समय के लिए है। भविष्य में एक बार फिर पृथ्वी धीमी होने लगेगी।



### रोजाना के जीवन पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

लेकिन, अब सवाल उठता है कि क्या अभी के लिए, क्या हमें चिंतित होना चाहिए? हालांकि, इसका हमारे रोजाना के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन जीपीएस उपग्रह, स्मार्टफोन, कंप्यूटर और संचार नेटवर्क जैसी टेक्नॉलोजी पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जो सभी बेहद सटीक समय सिस्टम पर निर्भर हैं। लेकिन, ऐसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है। तो नहीं, हमें चिंतित नहीं होना चाहिए, जब तक कि दिन का छोटा होना मानव गतिविधि के कारण न हो।

## 'मेरी बिल्ली पाल लो, सारी प्रॉपर्टी दे दूंगा', शख्स ने दिया ऐसा ऑफर, दौड़े-दौड़े आने लगे लोग



**बीजिंग।** जब हम कोई पालतू जानवर पालते हैं, तो उसे लेकर हमारा लगाव हर दिन के साथ बढ़ता रहता है। उन्हें हम धीरे-धीरे अपने घर का ही सदस्य मानने लगते हैं। कुछ ऐसा ही हुआ चीन के रहने वाले एक शख्स के साथ, जिसे अपनी बिल्लियों से इतना प्यार हो गया कि उम्र बढ़ने के बाद उसे उनकी इतनी चिंता हुई कि गजब का ऑफर निकाल दिया। बुजुर्ग शख्स का कहना है कि अगर कोई उसकी बिल्लियों को प्यार से रखेगा, तो वे उसे अपनी सारी संपत्ति दे देंगे। ये कहानी चीन के गुआंगडोंग प्रांत में रहने वाले 82 वर्षीय लॉन्ग नामक बुजुर्ग की है। उन्होंने अपनी मृत्यु के बाद अपनी प्यारी बिल्ली, शियानबा की देखभाल के लिए एक अनोखी शर्त रखी है। वे अपनी सारी संपत्ति उस व्यक्ति को देने को तैयार हैं जो शियानबा की बिना शर्त देखभाल करेगा। इस खबर ने चीन के सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रखा है। लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्ग के पास कोई संतान नहीं है और उनकी पत्नी का दस साल पहले ही निधन हो चुका है। उन्होंने एक बारिश के दिन चार आवारा बिल्लियों- शियानबा और उसके तीन बच्चों को गोद लिया था।

### अब तक नहीं मिला कोई सही कैंडिडेट

लॉन्ग के मुताबिक अभी तक उन्हें सही कैंडिडेट नहीं मिल सका है। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया आ रही है। इस ऑफर के लिए बहुत से लोग आगे आए, लेकिन उन्हें इसके साथ ही ये डर लग रहा है कि संपत्ति पर बाद भी लॉन्ग के रिश्तेदार दावा ठोक सकते हैं। एक यूजर ने कहा कि अगर कोई इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर रहा तो या तो वे बिल्लियों से सच्चा प्यार नहीं करता या लॉन्ग की शर्तें बहुत सख्त हैं।

## दुनिया की सबसे महंगी मछलियां कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश

**लंदन।** दुनिया में मांसाहारी खाना खाने वालों की कोई कमी नहीं है। मांसाहारी खाना खाने वाले लोगों के भोजन में मछली भी शामिल होती है। भारत के कुछ इलाकों में लोग सबसे ज्यादा मछली खाना पंसद करते हैं। खासकर तटीय इलाकों में तो ज्यादा लोगों का मुख्य भोजन मछली होती है। आज हम आपको अपनी इस खबर में दुनिया की सबसे महंगी मछलियों के बारे में बताएंगे।

### ब्लूफिन टूना



सबसे महंगी मछली की बात की जाए तो, सबसे पहला नाम ब्लूफिन टूना का है। मछली का आकार टूना प्रजाति की मछलियों में सबसे बड़ा होता है और यह बहुत तेज तैरती हैं। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी यह मछली पंडुब्बी से निकलने वाले टॉर्पीडो हथियार की तरह होती है। इस आकार की वजह से यह समुद्र में लंबी दूरी तक तेज रफ्तार में तैर सकती है। इस मछली की कीमत 5000 डॉलर प्रति पाउंड (4 लाख 20 हजार रुपए) तक होती है। यह बेहद स्वादिष्ट मछली है।

### अमेरिकन ग्लास ईल मछली


अमेरिका के उत्तर पूर्वीय तटों में यह मछली नॉर्थ पाई जाती है। यह भी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। दुनिया की दूसरी सबसे महंगी मछली है। यह मछली एक सांप की तरह दिखती है। इस मछली की कीमत 3000 डॉलर प्रति पाउंड यानी 2,52,181 रुपए तक होती है।

### वाइल्ड अलास्का किंग सैल्मन



अलास्का में मिलने वाली यह मछली अपने स्वाद और आकार के लिए जानी जाती है। इसे लोग खाना पसंद करते हैं। आमतौर पर यह मछली 70 डॉलर प्रति पाउंड यानी 5,884 रुपए तक मिलती है। यह अलास्का में पाई जाने वाली सबसे बड़ी सैल्मन मछली है।

### स्वॉर्डफिश



इस मछली का नाम तलवार जैसी चोंच के कारण यह पड़ा है। अटलांटिक महासागर में यह मछली मिलती है। इस मछली का वजन करीब 100 किलो तक होता है। यह मछली 60 डॉलर प्रति पाउंड यानी 5100 रुपए में मिल जाएगी। आपको यहां बता दें कि एक पाउंड करीब आधा किलोग्राम के बराबर होता है।

## रहस्यमयी

### दुनियाभर में सबसे अनोखे इस झरने को देख वैज्ञानिक भी हैरान

# हजारों साल से जल रही 'आग', पानी-बर्फ भी बेअसर!

**लंदन।** दुनियाभर में कई रहस्यमयी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर हर कोई हैरान रह जाता है। आज हम आपको एक ऐसे अनोखे झरने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दिखने में तो आम झरने जैसा है, लेकिन इसकी खास बात यह है कि इसके पीछे हमेशा आग जलती रहती है।

हम जिस झरने की बात कर रहे हैं, वो न्यूयॉर्क में मौजूद है। इसका नाम इटरनल फ्लेम फॉल्स है। इस झरने के नीचे से प्राकृतिक गैस का रिसाव होता है, जिसके चलते आग लगातार जलती रहती है। चेस्टनट रिज पार्क, एरी काउंटी में 18 मील क्रीक और वेस्ट ब्रांच कैज़ेनोविया क्रीक घाटियों के बीच मौजूद पहाड़ियों की एक सीरीज के उत्तरी छोर पर है, जो करीब 1213 एकड़ में फैला हुआ है। इसे 'इटरनल' यानी हमेशा जलने वाली लौ कहा जाता है, लेकिन यह कभी-कभी बुझ भी जाती है। लेकिन, अगला आने वाला हाइकर इसे दोबारा जला देता है।



### सड़े हुए अंडे जैसी आती है बदबू

झरने से सड़े हुए अंडे जैसी बदबू आती है, जो प्राकृतिक गैस की होती है। ये गंध चट्टानों की परतों के बीच से बाहर निकलती है। ये गैस उन जीवों के सड़ने-गलने की की वजह से निकलती है जो बहुत पहले चट्टानों में दबकर मर गए थे. और इस झरने के अंदर एक बड़ी दरार है , जहां से यह गैस बाहर आती है। इसी वजह से वहां अगर आग लगाई जाए तो वह लगातार जलती रहती है। झरने के आसपास और भी कई जगहों से गैस निकलती है, लेकिन उन्हें ढूंढना थोड़ा मुश्किल होता है। वहां आग जलाना अक्सर नामुमकिन होता है। कुछ गैस के स्रोत झरने के नीचे पानी में होते हैं, और वहां से ऊपर उठते बुलबुलों के रूप में दिखाई देते हैं।

### गुफा से बाहर निकलती है प्राकृतिक गैस

इटरनल फ्लेम फॉल्स बहुत हद तक बारिश और बर्फ के पिघलने वाले पानी पर निर्भर है। यह झरना आमतौर पर सिर्फ शुरुआती वसंत ऋतु में या भारी बारिश के बाद ही बहता है। इसकी ऊंचाई करीब 30 फीट होती है, और यह दो हिस्सों में ढलान वाली शेल चट्टानों पर गिरता है। झरने के दाहिनी तरफ पानी के रास्ते से करीब 5 फीट ऊपर एक छोटी सी गुफा है। इसी गुफा से प्राकृतिक गैस बाहर निकलती है जिसे जलाकर 4 से 8 इंच ऊंची लौ बनती है। इटरनल फ्लेम फॉल्स वाकई में दुनियाभर में सबसे अनोखे झरनों में से एक है।

## वैज्ञानिकों ने भारत से 7556 किमी दूर खोजी बर्फ में दबी टाइम मशीन



**वॉशिंगटन।** भारत से लगभग 7,500 किलोमीटर दूर अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के नीचे एक ऐसा रहस्य खोजा गया है, जिसने वैज्ञानिकों के भी होश उड़ा दिए हैं। 12 लाख साल पुरानी ये बर्फ धरती के जलवायु इतिहास को समझने में मदद कर सकती है। वैज्ञानिक इसे टाइम मशीन भी कह रहे हैं। बियॉन्ड एपिका नाम के प्रोजेक्ट के तहत 4 सालों तक चली रिसर्च के बाद इस बर्फ के नमूनों को निकाला गया है।

**बर्फ में छिपी टाइम मशीन :** वैज्ञानिकों की टीम का कहना है कि इस बर्फ के टुकड़े में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों की जानकारी छिपी हुई है। इस अध्ययन से पता चलेगा कि सूर्य की किरण, ज्वालामुखी ने धरती की जलवायु को कैसे प्रभावित किया। 10 लाख साल पहले हिमयुग में बदलाव आया था, जिसमें आदि मानवों के अस्तित्व को चुनौती दी थी।





### कैसे हुई ये जादुई खोज?

इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैज्ञानिकों की टीम ने 9,186 फीट लंबा आइस कोर निकाला है, जिसमें लाखों साल पुराने वायुमंडल के बुलबुले फंसे हुए हैं। यह पृथ्वी के जलवायु डाटा को बेहतरी से समझने में मदद करेगा। बर्फ की अच्छे से स्टडी की जा सके इसलिए इस 1 मीटर के छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा गया है।

### 25 साल पुरानी खोज

1966 में शुरू हुए एक प्रोजेक्ट का विस्तार है ये खोज। उसमें वैज्ञानिकों ने 8 लाख साल पुराने जलवायु और ग्रीनहाउस गैसों के संबंध को समझा था। यह नई खोज धरती के जलवायु इतिहास का खुलासा करने में मदद कर सकती है। इस प्रयास में 12 यूरोपीय संस्थानों के विशेषज्ञों ने मिलकर 200 दिनों से अधिक समय तक काम किया।



# दिलीप कुमार को याद कर धर्मेंद्र हुए इमोशनल

**मुंबई।** बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक इमोशनल पोस्ट लिखा है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल धर्मेंद्र ने आज के दिन को मनहूस बताते हुए कहा कि आज ही दिन उनका सबसे प्यारा दोस्त उनसे बिछड़ गया था। धर्मेंद्र का यह पोस्ट देखकर हर कोई हैरान रह गया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह दिग्गज एक्टर दिलीप कुमार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में धर्मेंद्र और दिलीप कुमार एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज का दिन कितना गमनाक और मनहूस दिन है।

लाइफ Style

# वाणी


## मंडला मर्डर्स से कर रहीं डिजिटल डेब्यू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नेटफ्लिक्स और वायआरएफ एंटरटेनमेंट की बहुप्रतीक्षित और विधा सीमाएं लांघने वाली सीरीज मंडला मर्डर्स 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। यह सीरीज न केवल एक रहस्यमयी, पौराणिक-क्राइम थ्रिलर है, बल्कि अभिनेत्री वाणी कपूर के लिए ओटीटी पर पहला कदम भी है।

वाणी कपूर, जो अब तक बड़े पर्दे पर अपनी क्षमता दिखा चुकी हैं, इस बार एक कठिन और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने को लेकर उत्साहित हैं। इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ बेहद खास और चुनौतीपूर्ण तलाश रही थी ताकि मेरा ओटीटी पर डेब्यू यादगार हो और मंडला मर्डर्स जैसा प्लेटफॉर्म मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं ऐसी कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो शारीरिक और मानसिक रूप से मुझसे एक नया अवतार मांगेगी। यह एक ऐसी शैली है, जिसमें मैंने पहले कदम नहीं रखा था। उन्होंने कहा कि यह निडर निर्णय मुझे गहराई, संघर्ष और संवेदनशीलता की नई परतों से रूबरू करा रहा है और यही तत्व उत्कृष्ट कहानी कहने के लिए अहम हैं।

सीरीज के रचयिता और निर्देशक गोपी पुथरन, जिन्हें 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी का श्रेय जाता है, उन्होंने दर्शकों को एक जटिल कयास-कथा में ले जाने का वादा किया है, जहां हर सुराग एक प्राचीन भविष्यवाणी की गहराई खोलता है। इसके साथ वैभव राज गुप्ता, सुरवीन चावला और श्रिया पिलगांवकर जैसी प्रमुख कलाकारों का अभिनय इस कथानक को और वजन देता है। वाणी ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स में महिलाओं के लिए बेहतर अवसरों पर ज़ोर देते हुए कहा, मुझे स्ट्रीमिंग से प्यार है।



टॉलीवुड मसाला



# कानूनी पचड़े में फंसे महेश

**हैदराबाद।** साउथ के मशहूर अभिनेता महेश बाबू एक कानूनी विवाद में उलझ गए हैं। हैदराबाद की एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ रियल एस्टेट घोटाले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। डॉक्टर का आरोप है कि उन्होंने एक प्लॉट खरीदने के लिए करीब 34.8 लाख रुपये दिए, लेकिन जिस जमीन की बात की गई थी, वह असल में मौजूद ही नहीं थी। इस शिकायत के आधार पर, तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले की उपभोक्ता अदालत ने अभिनेता महेश बाबू को कानूनी नोटिस भेजा है।




# ऋषभ को बर्थडे पर मिला तोहफा...

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' का पोस्टर रिलीज हो गया है। मेकर्स ने इस पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के जन्मदिन के खास मौके पर ही आउट किया है। वहीं मूवी की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। साउथ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की मूवी 'कांतारा' ने साल 2022 में खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं ये मूवी उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं आज यानी 7 जुलाई को इसके प्रीक्वल का पोस्टर जारी किया गया है। इसका नाम 'कांतारा चैप्टर 1' रखा गया है। मेकर्स ने इस मूवी के पोस्टर को ऋषभ शेट्टी के बर्थडे पर ही रिलीज किया है। आज एक्टर अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इसी खास मौके पर उन्होंने फैंस को भी सरप्राइज गिफ्ट दे दिया है। वहीं मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट भी रिवील कर दी है। ये मूवी इसी साल 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# सन ऑफ सरदार-2 का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की अपकमिंग मूवी 'सन ऑफ सरदार 2' का नया गाना रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया पर फैंस मृणाल ठाकुर और अजय देवगन की जोड़ी पर काफी प्यार लुटा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने मूवी का नया गाना 'पहला तू दूजा तू' रिलीज किया है। इस बार अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। फैंस कपल की इस केमिस्ट्री को काफी पसंद भी कर रहे हैं। वहीं इसकी अनाउंसमेंट अजय देवगन और मृणाल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की है। 'सन ऑफ सरदार 2' के इस गाने को टी-सीरीज ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब पर रिलीज किया है। वहीं अजय और मृणाल ने इसकी जानकारी अपने फैंस को इंस्टाग्राम पर दी।




# आज होगा 'सैयारा' का ट्रेलर लांच...

**मुंबई।** सैयारा इन दिनों देशभर में युवाओं के बीच सबसे चर्चित रोमांटिक फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म का म्यूज़िक एल्बम पहले ही साल का सर्वश्रेष्ठ एल्बम साबित हो चुका है, जिसमें फहीम-अर्सलान का टाइटल ट्रैक सैयारा, जुबिन नौटियाल का बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह और मिथुन का धुन जैसे गाने भारतीय संगीत चार्ट्स पर धूम मचा चुके हैं। अब यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर 8 जुलाई को सुबह 11 बजे रिलीज करने जा रहा है। इसे देश के युवाओं के लिए एक "अपॉइंटमेंट व्यूइंग" इवेंट के रूप में पेश किया जा रहा है। अब तक फिल्म को एक गहन प्रेम कहानी के लिए सर्वसम्मति से सराहना मिल रही है।

**स्पोर्ट्स ड्रामा '5th सितंबर' का ट्रेलर आउट, 18 जुलाई को होगी रिलीज : मुंबई।** केएसएम फिल्म प्रोडक्शंस ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म '5th सितंबर' का भावनात्मक ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह एक दिल छू लेने वाली स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो न केवल खेल की भावना बल्कि जीवन बदलने वाले मेंटर्स की अहमियत को भी दर्शाती है। कुनाल शमशेर मल्ला की ओर से निर्देशित और निर्मित यह फिल्म 18 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 तुलसी के किरदार में स्मृति का नया लुक हुआ लीक?

**मुंबई।** दर्शक बहुप्रतीक्षित प्रतिष्ठित टेलीविजन शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी के रीबूट के साथ स्मृति ईरानी को टेलीविजन स्क्रीन पर वापसी करते देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



सोमवार को तुलसी विरानी के रूप में अभिनेत्री का पहला लुक लीक हो गया। पहले लुक में स्मृति को जरी के बॉर्डर वाली मैरून साड़ी पहने देखा गया। उन्होंने अपने लुक को सिग्नेचर बड़ी लाल बिंदी, पारंपरिक मंदिर के गहने और काले मोतियों वाले मंगलसूत्र के साथ पूरा किया। शो के रीबूट सीजन में स्मृति 15 साल बाद अभिनय में वापसी करेंगी। सीरीज के डेब्यू के 25 साल पूरे होने पर स्मृति ने कहा, क्योंकि सास भी कभी बहू थी सिर्फ़ एक शो नहीं है, यह एक साझा स्मृति है। इसे बनाने वालों और इसे अपनाने वाले लाखों लोगों के लिए, यह परिवारों, आस्था और उस ताने-बाने की कहानी थी जो हमें पीढ़ियों से बांधे रखती है। उत्साह यहीं खत्म नहीं होता। मिहिर विरानी की भूमिका निभाने वाले अमर उपाध्याय ने भी शो की शूटिंग शुरू कर दी है।



## चिंतन

# आतंकवाद पर ब्रिक्स से पाक चीन व तुर्किये को कड़ा संदेश

ब्रिक्स के मंच से भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को कड़ा संदेश दिया और चीन, तुर्किये और पाकिस्तान को आईना दिखाया। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बने हालात पर बिना नाम लिए पाकिस्तान, तुर्किये और चीन को आड़े हाथों लिया। आतंकवाद के पीड़ितों और समर्थकों को एक ही तराजू में नहीं तौलना चाहिए। पीएम मोदी ने यह बात तब कही है जब य बात सामने आई है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पर्दे के पीछे से चीन व तुर्किये ने पाकिस्तान की मदद की। आतंकवाद की निंदा करना ब्रिक्स का सिद्धांत होना चाहिए, न कि सिर्फ सुविधा। अगर पहले यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, किसके विरुद्ध हुआ, तो यह मानवता के खिलाफ विश्वासघात होगा। चीनी प्रभुत्व वाले संगठन शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आतंकवाद पर पक्षपाती रुख देखा गया था। चीन व पाकिस्तान का रुख सिलेक्टिव था। इसमें कोई दोराय नहीं कि आतंकवाद आज मानवता के लिए सबसे गंभीर खतरा है। युद्ध व संघर्ष से जूझ रही दुनिया में शांति और सुरक्षा बहुत जरूरी है। अगर माहौल शांत और सुरक्षित होगा, तभी लोग तरक्की कर पाएंगे। ब्रिक्स इस लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आतंकवादियों के खिलाफ पाबंदियां लगाने पर कोई संकोच नहीं होना चाहिए। आतंकवादियों और उनके समर्थकों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए। निजी या राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को चुपचाप समर्थन देना गलत है। आतंकवाद को लेकर कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं कर सकते, तो यह सवाल उठता है कि क्या हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को लेकर गंभीर हैं भी या नहीं? ब्रिक्स के मंच से भारत ने गाजा में मानवीय स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की और शांति का मार्ग अपनाने की अपील की। भारत हर उस प्रयास का समर्थन करता है, जो विश्व को, विभाजन और संघर्ष से बाहर निकालकर, संवाद, सहयोग और समन्वय की ओर अग्रसर करे, एकजुटता और विश्वास बढ़ाए। भारत ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। ब्रिक्स इस दिशा में मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ब्रिक्स को विश्वसनीयता दर्शानी चाहिए व 'ग्लोबल साउथ' के लिए मिसाल बनना चाहिए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने' पर जोर दिया गया। ब्रिक्स में बड़े सुधार की भी जरूरत है। वैश्विक मंच पर गंभीरता से लिए जाने के लिए ब्रिक्स को पहले अपने आंतरिक ढांचे और प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए। ब्रिक्स विज्ञान एवं अनुसंधान भंडार बनाए जाने का प्रस्ताव भारत ने दिया है, जिससे सहयोग के लाभ अन्य विकासशील देशों तक भी पहुंचाए जा सकें। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। अब मिस्र, इथियोपिया, ईरान, यूएई व इंडोनेशिया भी सदस्य हैं।



कूटनीति
विकेश कुमार बडोला

# परस्पर अविश्वास से निष्क्रिय हो रहा ब्रिक्स

**ब्रिक्स ने ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। पीएम मोदी ने इसमें शिरकत की। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्त्वपूर्ण हो चुका है। राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।**

सोलह वर्ष पहले आरंभ हुए ब्रिक ने ब्रिक्स होकर ब्राजील के रियो डि जेनेरिया में अपना 17वां सम्मेलन 'अधिक समावेशी तथा संधारणीय शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को सुदृढ़ करने' के ध्येय के साथ संपन्न किया। इस बार इंडोनिशया को ब्रिक्स का सदस्य देश बनाने के बाद इस मंच के कुल सदस्य देशों की संख्या अब ग्यारह हो गई है। ब्राजील, चीन, भारत, रूस, दक्षिण अफ्रीका, इजिप्ट, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई पहले से ही इस समूह के सदस्य देश हैं। ब्रिक्स की वार्षिक सामूहिक प्रस्तावना में नव परिवर्तन की आशा करना तब तक व्यर्थ है, जब तक इसके पूर्व प्रस्तावों को कार्यरूप देते हुए अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लिए जाते। प्रति वर्ष वैश्विक राजनीति, कूटनीति और अर्थनीति में व्यापक अस्थिरता के कारण दुर्भाग्य से ब्रिक्स के वार्षिक प्रस्ताव, क्रियान्वयन की परिणति तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। विश्व स्तर पर युद्धों की निरंतरता, आर्थिक संघर्ष-प्रतिबंधों की पुनरावृत्ति तथा जलवायु की विषम पारिस्थितिकी के कारण ब्रिक्स के कार्यबिंदुओं पर तीव्रतापूर्वक कार्य नहीं हो पा रहा है। गत सौ से भी अधिक वर्षों से विकसित तथा विकासशील राष्ट्रों के समूहों में विभाजित रहा विश्व, ब्रिक्स के निरंतर साकार होते रहने के कारण एक तृतीय वैश्विक सामूहिक-धुरी के स्वरूप में स्थापित हो चुका है। समूह-20 तथा समूह-7 जैसे वैश्विक संगठन इस समय ब्रिक्स के सम्मुख अप्रभावी प्रतीत हो रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विकसित राष्ट्रों के प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से परिचालित अनेक अन्य वैश्विक संगठन ब्रिक्स एवं इसकी सहायक संस्थाओं द्वारा उत्पन्न समुचित प्रतिस्पर्द्धापरक वातावरण में किंकर्त्तव्यविमूढ़ हैं। ब्रिक्स की उपस्थिति से विश्व में गुटसापेक्षता का एक अप्रत्याशित संतुलन स्थापित हुआ है। यह कैसे न होता! क्योंकि विश्व की भू सतह का लगभग 30 प्रतिशत तथा वैश्विक जनसंख्या का 45 प्रतिशत, संस्था के सदस्य राष्ट्रों के पास है। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीकी महाद्वीप की सर्वाधिक बड़ी अर्थव्यवस्था है। ब्राजील, भारत एवं चीन जनसंख्या, क्षेत्रफल व सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा क्रय शक्ति समता के आधार पर दुनिया के दस सर्वाधिक अग्रणी राष्ट्रों में से हैं। रूस जो है वह ब्रिक्स के सदस्यों देशों के सहयोग से यूक्रेन के साथ निरंतर संघर्षरत रहने और अमेरिकी नेतृत्व में यूरोपीय देशों द्वारा उस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद भी विगत वित्तीय वर्ष में यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा था। संस्था के सभी पाँच प्रारंभिक सदस्य देश जी-20 के सदस्य भी हैं, जिनकी संयुक्त रूप में 2024 में अंकित जीडीपी का मूल्य 28 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (सकल वैश्विक उत्पाद का लगभग 27 प्रतिशत) है। इनकी कुल जीडीपी (क्रय शक्ति समता) लगभग 65 ट्रिलियन अमेरिकी डालर (वैश्विक जीडीपी अर्थात क्रय शक्ति समता की 33 प्रतिशत) है तथा 2024 के अनुसार इनके पास अनुमानित 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डालर मूल्य का संयुक्त विदेशी भंडार है।

ब्राजील में संपन्न 17वीं ब्रिक्स सभा में विमर्श के प्रमुख विषयों में आतंकवाद था। पहलगाम के बाद भारत की आतंक पीड़ा चाहे-अनचाहे विश्व के सम्मुख मुखर होकर उभरी है। पहलगाम के प्रतिशोध में पाकिस्तान पर



किये गये सिंदूर सैन्याभियान ने तो भारत सामरिक दृष्टि से ऐसी स्थिति में खड़ा कर दिया है, जहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के लिए भारत के पक्ष को सुनना अत्यंत आवश्यक हो चुका है। सम्मेलन में वैश्विक शांति, युद्ध विराम, आतंक रोधन, स्वस्थ पोषाहार व शुद्ध पेयजल आपूर्ति, सार्वजनिक जीवन व स्वाथ्य वृद्धि के लिये जलवायु संकट का निवारण, डिजिटल सुविधा पर व्यावसायिक एवं जीवन की समस्त गतिविधियों की निर्भरता हेतु इंटरनेट चालित नवोन्नत प्रौद्योगिकियों को हैकिंग बाधाओं से मुक्त करना, ब्रिक्स बैंक के माध्यम से सदस्य देशों की वैकासिक परियोजनाओं के लिये ऋण वितरण प्रक्रिया को सुगम व सरल बनाना, वैश्विक शांति के लिये किये जा रहे प्रयासों में गंभीरतापूर्वक योगदान देना इत्यादि विषय सम्मिलित थे। दुनिया को समुचित गति-प्रगति के साथ आगे बढ़ाने के लिये शक्तिशाली देशों को कुछ ऐसे उपाय भी करने ही करने होंगे जो तात्कालिक रूप में लाभान्वित तो नहीं होंगे, किंतु विश्व की भावी पीढ़ियों के प्राणों, श्वासों तथा जीवन के लिये एक दिशादृष्टि निश्चित कर उसके निष्ठावान क्रियान्वयन में निरंतर सहयोग करेंगे। इस दिशा में ब्रिक्स आगामी दिनों में क्या व कितना कार्य करता है, यह परखा जाना है। नये सदस्य देशों का ब्रिक्स के साथ आना अभी महत्त्वपूर्ण तो नहीं समझा जा सकता है, किंतु हां पांच से ग्यारह सदस्यीय विस्तार के स्वरूप में ब्रिक्स अब जी-7 को भूराजनीतिक, आर्थिक, कूटनीतिक और सामरिक नीतियों के आधार पर प्रतिस्पर्द्धा देने के लिये प्रतीक स्वरूप में तो स्थापित हो ही गया है। पुतिन और शी चिनफिंग की सम्मेलन में अनुपस्थिति यही दर्शा रही है कि वे ब्रिक्स में भारत की बढ़ती साख और प्रभुत्व से असहज होने लगे हैं। चूंकि भारत हर रूप में ब्रिक्स के शेष सदस्यों देशों के लिए प्रगति के विभिन्न अवसरों हेतु महत्त्वपूर्ण हो चुका है। आर्थिक और सामरिक रूप में भारत की प्रगति के प्रति इन देशों की एकनिष्ठा रूस और चीन के लिए नई चुनौतियां प्रस्तुत कर रही है।

रूस के पास स्वाभाविक बहाना है कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझा हुआ है और इसीलिए उसके राष्ट्रपति ने रियो डि जेनेरिया में भागीदारी नहीं की, किंतु चीन के पास कौन-सा बहाना है, जो उसके राष्ट्र प्रमुख शी चिनफिंग ब्रिक्स के सम्मेलन में नहीं आए। मूलतः रूस के आह्वान पर आरंभ हुए ब्रिक और इसके संस्थापक सदस्य देशों में से एक चीन की संगठन के प्रति उदासीनता भविष्य में सांगठनिक उद्देश्यों की पूर्ति में बाधक ही होगी। दक्षिण एशिया में एक आदर्श देश के रूप में भारत की प्रगति अमेरिका ही नहीं, अपितु ब्रिक्स के सदस्य देश चीन और रूस को भी चुभ रही है। पाकिस्तान के साथ कुछ दिनों के सैन्य संघर्ष के बाद तो चीन पर भारत विरोधी होने का कलंक लग ही चुका है। चीन और तुर्किये ने मिलकर जिस प्रकार पाकिस्तान की सामरिक सहायता की थी, उससे भारत और चीन के राजनयिक संबंध मधुर नहीं रहे। भारत की क्वाड साझेदारी को भी चीन और रूस अपने क्षेत्रीय हितों व प्रभुत्व के लिए चुनौती समझ रहे हैं। इसके प्रतिकार के लिए चीन ने तो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के साथ मिलकर एक नया दक्षिण वैश्विक ध्रुव खड़ा करने की दिशा में काम करना आरंभ कर दिया है। रूस ने भी अफगानिस्तान के तालिबान शासन को मान्यता प्रदान कर इस दिशा में आगे चरण बढ़ा दिया है। ब्रिक्स के 17वें सम्मेलन को निस्संदेह वैश्विक दक्षिण में यूरोपीय संघों के लिए आर्थिक चुनौती के रूप में एक सामूहिक एकता के स्वरूप में देखा जा रहा हो, किंतु वास्तविकता ये है कि राजनयिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत और चीन जैसे ब्रिक्स के दो सदस्य देशों के मध्य अविश्वास का विस्तार ही हुआ है। यह स्थिति ब्रिक्स के लिए भी अनुकूल नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पुण्यतिथि
ओमप्रकाश सिंह



# जननायक चंद्रशेखर होने का अर्थ

जननायक चंद्रशेखर मात्र कोई व्यक्ति नहीं बल्कि सिद्धांत हैं। वे एक वैचारिक प्रतीक हैं भारत की मिट्टी से उमड़ी राष्ट्रीय संवेदना की, ग्रामीण समाज के आतंरिक द्वन्द एवं उसकी राजनीतिक चेतना का। वे प्रतीक हैं प्राचीन भारत के राजर्षि परंपरा एवं लोकतंत्र के प्रति आम भारतीय के अटूट निष्ठा का। वे प्रतीक हैं कृषक के पुरुषार्थ का, मजदूर वर्ग के संघर्ष का इसलिए ये कहना होता है कि भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में चंद्रशेखर होना सहज़ नहीं है। 17 अप्रैल, 1927 में जन्मे चंद्रशेखर, एक बहुजातीय एवं अल्पसंख्यकों की सहभागिता वाले गांव में पले-बढ़े, जिससे उनका सार्वजनिक जीवन का उभार एक समरसता भरे विचारशील युवा के रूप में हुआ। 15 अगस्त, 1947 को आजादी के जश्न-जुलुस में शामिल भूखे चंद्रशेखर ने उस संकेत को महसूस किया कि यह आजादी क्या लेकर आने वाली है। इस पर चंद्रशेखर ने कहा था, 'मुझे लगता है कि आजादी के बाद एक ही काम हुआ है-' गुलिस्तां में कलियाँ तरसती रहीं, समंदर में बरसात होती रही।'



राजनीति में प्रवेश की प्रेरणा चंद्रशेखर जी को आचार्य नरेंद्र देव मिली थी। तब शोध की ओर रुचि दिखा रहे चंद्रशेखर जी से नरेंद्र देव ने कहा था, 'चंद्रशेखर छोड़िए शोध कार्य, देश बनाने के लिए निकलिए।' इलाहबाद विश्वविद्यालय में स्नात्तकोत्तर में दाखिले के साथ 1951 में सोशलिस्ट पार्टी में शामिल होकर समाजवाद के लिए काम करने का निर्धारित उनका ध्येय जीवन भर बना रहा। यही वे दिन थे ज़ब उन्होंने एक नये समाज के निर्माण का सपना देखा था। चंद्रशेखर का कहना था, 'जो आदमी राजनीति में सही ढंग से सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं नहीं बदलतीं।' चंद्रशेखर की भी नहीं बदलीं, वे जीवन भर गरीबी, असमानता एवं अभाव के विरुद्ध संघर्षरत रहे। चंद्रशेखर स्मरण करते थे, जब उनके पीठ में हुए फोड़े का इलाज नाई के छुरे को गर्म करके किया गया, उनकी मां डाक्टरी सहायता के बिना हैजा से चल बसी। ऐसे अनुभवों ने ही उन्हें प्रेरित किया, 'ऐसा समाज बनाना चाहिए जहां मानव इन विवशताओं से मुक्ति पा सके।' उनके भीतर शोषण के विरुद्ध, विषमता के विरुद्ध स्वाभाविक आक्रोश और समता के लिए गहरा लगाव था। तब छात्र राजनीति में संघर्ष कर रहे हम जैसे उस दौर के युवाओं को चंद्रशेखर जी की यही लोकतान्त्रिक आस्था प्रेरणा देती रही थी। जब मैं उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य बना तब मैंने अपने क्षेत्र के बारा गाँव में वीर अब्दुल हमीद के नाम पर एक स्वास्थ्य केन्द्र बनवाया। तब उसके लोकार्पण के लिए आदरणीय चंद्रशेखर जी को आमंत्रित किया और वे आये भी। अपनी संघर्षशील राजनीतिक यात्रा में चंद्रशेखर जी ने कभी भी सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। चंद्रशेखर आजीवन बेबाक रहे थे। वे पूरी ठसक के साथ स्पष्ट कहने का दम रखते थे। एक बार इंदिरा गाँधी से बातचीत में उन्होंने कहा था 'मैं कांग्रेस को सोशलिस्ट बनाने का प्रयास करूंगा और अगर यह न बन पाए तो इसे तोड़ दूंगा क्योंकि जब तक यह टूटेगी नहीं देश में कोई नई राजनीति नहीं आएगी।'

वे राजनीतिक लाभ तथा सत्ता की संभावनाओं की परवाह नहीं करते थे। विचारधारा एवं राजनीति के संघर्ष में भी उनमें सत्य को कहने, स्वीकारने का साहस है। जेपी के दलविहीन राजनीति के विचार को चंद्रशेखर जी ने अस्वीकार करते हुए कहा था, 'यह अधिनायकवाद की राह सुगम करती है।' कांग्रेस में नेतृत्व चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी का समर्थन करने को उन्होंने ताउम्र अपना सही कदम माना। हालांकि यह भी यथार्थ है कि चंद्रशेखर राजनीतिक वंशवाद के विरुद्ध थे। एक विदेशी विद्वान द्वारा आजादी के इतने वर्षों बाद भी व्याप्त भयंकर गरीबी के सवाल पर उन्होंने कहा था, 'मानव इतिहास में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं जिसने बिना गरीबी का अनुभव किए गरीबी मिटाने का प्रयास किया हो।' यह विरासत में मिली सत्ता पर काबिज नेतृत्व के लिए उनके मन का आक्रोश था। चंद्रशेखर मानते थे कि केवल इंदिरा गांधी ही नहीं बल्कि जयप्रकाश नारायण के कारण भी देश इमरजेंसी की तरफ धकेला गया। चंद्रशेखर ने शाह आयोग के गठन को जनता सरकार की गलती मानी थी। उनका कहना था कि इंदिरा गांधी को उनके हाल पर छोड़ दिया जाना चाहिए था क्योंकि चुनावी हार उनके लिए एक बड़ा सबक थी। उन्होंने राजनीतिक प्रतिशोध जो आजकल सत्ता संघर्ष में चलन में है, को कभी भी उचित नहीं माना। इसलिए चंद्रशेखर ने इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी का भी विरोध किया। जनतपा पार्टी को अध्यक्ष के रूप में चंद्रशेखर ने ही संभाला।

(लेखक जमानियां विधानसभा से विधायक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

# गुरु की सीख से मुश्किलें होती है दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है। *– विकास चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### प्रस्तावना नहीं बदल सकते



संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है। आपातकाल में संविधान की प्रस्तावना बदली गई थी।
**-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति**

### कैप्टन बत्रा को श्रद्धांजलि



कैप्टन विक्रम बत्रा के बलिदान दिवस पर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद करता हूं। करगिल युद्ध के दौरान उनकी अद्वितीय बहादुरी और उनका बलिदान राष्ट्र की सेवा में साहस का एक शानदार उदाहरण है। उनके बलिदान दिवस पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। **-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### दिलीप कुमार प्रेरणास्रोत रहे



दिलीप कुमार छह पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं और वह भविष्य के कलाकारों के लिए भी मार्गदर्शक की तरह हैं। साहब की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। मैं अब भी जीवन में उनके साथ हूं।
**-सायरा बानो, अभिनेत्री**


### गुरु दत्त की विरासत अहम



गुरु दत्त ने जीवन की व्यथा को कविता में बदल दिया, ऐसी कविता जो खामोशी को भी चीर दे। जो उनके बाद आए, वे उस घाव को साथ लेकर चले। हम गुरु दत्त के सौ वर्ष पूरे होने का जश्न नहीं मनाते। हम उनकी विरासत की ओर लौटते हैं। गुरु दत्त की विरासत पुरस्कारों, पोस्टर या रील से नहीं बनी है। **-महेश भट्ट, निर्माता-निर्देशक**

## करंट अफेयर

# सऊदी अरब में मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि



एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सोमवार को कहा कि सऊदी अरब में पिछले साल मृत्युदंड के मामलों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इनमें से अधिकतर मामले मादक पदार्थों से संबंधित हैं। सऊदी अरब में पिछले साल 345 लोगों को मौत की सज़ा दी गई। एमनेस्टी के अनुसार तीन दशकों से ज़्यादा समय में यह सबसे बड़ी संख्या है। समूह ने कहा कि इस साल के पहले छह महीनों में ही 180 लोगों को मौत की सज़ा दी गई, जिससे संकेत मिलता है कि यह रिकॉर्ड फिर से टूट सकता है। कार्यकर्ता समूह रिप्रीव ने बताया कि इस साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें से करीब दो तिहाई को मादक पदार्थ से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया। एमनेस्टी ने भी मादक पदार्थ के मामलों में फांसी दिए जाने के बारे में इसी तरह की चिंता जताई है। सऊदी अरब ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है कि देश में मौत की सजा में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। सऊदी अधिकारियों ने फांसी की सज़ा और मादक पदार्थ के मामलों में मृत्युदंड का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है, इस बारे में 'एसोसिएटेड प्रेस' के विस्तृत सवालों का जवाब नहीं दिया। हालांकि, यह सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की टिप्पणियों के विपरीत है, जिन्होंने 2022 में इस बात को रेखांकित किया था कि उन्होंने इसका इस्तेमाल केवल हत्या के मामलों तक सीमित कर दिया है।

## ऑफ बीट

# रेत पर चित्र बनाने की कला 140,000 साल पहले की है



रेत पर चित्र उकेरने, या रेत की मूर्तियां बनाने वालों की कमी नहीं है, जैसा कि कई आधुनिक समुद्र तट या टीलों की सतह पर टहलने से पता चलेगा। रेत एक विशाल कैनवास है – और इसका उपयोग लोगों की समझ से कहीं अधिक लंबे समय से किया जा रहा है। हाल तक केवल यह अनुमान ही था कि सबसे पुरानी कला रेत पर रही होगी। जिन चट्टानों में हम इन्हें अधिकतर पाते हैं, उन्हें एओलियनाइट्स के रूप में जाना जाता है, जो समुद्र तट के किनारे बनने वाले प्राचीन टीलों के सीमेंटेड संस्करण हैं। ऐसी प्राचीन 'रेत कला' का वर्णन पहले कभी नहीं किया गया था, इसलिए हमने इसके लिए एक नया शब्द गढ़ा : 'अम्मोग्लिफ़' ('अमोस' का ग्रीक में अर्थ 'रेत' होता है)। इक्नोस पत्रिका के एक हालिया लेख में हमने केप दक्षिण तट से सात होमिनिन इक्नोसाइट्स (एक शब्द जिसमें ट्रैक और अन्य निशान शामिल हैं) के लिए तारीखें प्रदान की हैं। हमने जिसकी अम्मोग्लिफ़ के रूप में व्याख्या की थी, वह उनमें से चार स्थलों पर पाए गए थे। सबसे पुराना काल 149,000 से 129,000 वर्ष पहले का है। किसी भी पुरा–अभिलेख का अध्ययन करते समय एक महत्वपूर्ण चुनौती – चाहे ट्रैकवे, जीवाश्म, या अन्य प्रकार की प्राचीन तलछट – यह निर्धारित करना है कि सामग्री कितनी पुरानी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

केंद्र सरकार ने किया बड़ा ऐलान की खास तैयारी

# देश में पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना फॉर्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा।

## पहली बार ही होगी डिजिटल जनगणना भी, लांच होगा पोर्टल

होंगे दो चरण

सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस' यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण 'पॉपुलेशन एनुमरेशन' यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।



## अगले साल 1 अप्रैल से शुरू होगा पहला चरण, जिसमें होगी मकानों की गिनती

कब होगी अगली जनगणना?

जनगणना 2026 और 2027 में दो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आजादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी।

### 34 लाख कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे।

### सीमाओं में बदलाव की आखिरी तारीख तय

*सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।*

**खबर संक्षेप**

### भोपाल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के राजा भोज हवाई अड्डे को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि, धमकी एयरपोर्ट डायरेक्टर के आधिकारिक ईमेल अकाउंट के जरिए दी गई है। धमकी के जरिए दावा किया जा रहा है कि, एयरपोर्ट परिसर में विस्फोटक लगाया गया है और किसी भी समय एयरपोर्ट को उड़ा दिया जाएगा। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन के साथ साथ सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड पर आ गई हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से धमकी की सूचना गांधीनगर थाने को भी दी गई, जिसके चलते अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और विमानन सुरक्षा नियमों के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीयों को बचाया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने पश्चिमी तट के पास मछली पकड़ने वाली उस नौका में सवार चार भारतीय मछुआरों को बचा लिया, जो समुद्र में लापता हो गई थी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) मुंबई द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने समन्वित खोज एवं बचाव (एसएआर) अभियान शुरू किया और मछुआरों को रविवार को बचा लिया गया। एमआरसीसी ने श्रीलंकाई नौसेना को जानकारी दी कि मछली पकड़ने वाली एक भारतीय नौका मौसम की प्रतिकूल परिस्थिति के कारण 29 जून को लापता हो गई थी और उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था।

कांग्रेस सहित 9 दलों ने दायर की थी याचिका

# बिहार मतदाता सूची : सुप्रीम कोर्ट राजी गुरुवार को होगी याचिकाओं पर सुनवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, एनसीपी की सुप्रिया सुले, सीपीआई के डी राजा, डीएमके, हरिंदर मलिक (समाजवादी पार्टी), शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत, जेएमएम के सरफराज अहमद और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य याचिकाकर्ता हैं। इनकी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, गोपाल शंकरनारायणन और शादाब फरासत ने सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर याचिका दर्ज की है।

**मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जाने की जताई आशंका**

**25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की है समय सीमा**




यह जताई आशंका

*याचिकाकर्ताओं ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से लाखों नाम हटाए जाने की आशंका जताई है। इन वकीलों की ओर से दलील दी गई है कि महिलाओं और गरीब पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। इन्होंने कहा, अगर कोई वोटर जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म नहीं भरता, तो उसका नाम मतदाता सूची से हट सकता है, भले ही वह पिछले बीस साल से वोट डालता रहा हो।*

**यह भी दलीलें**

*सिंघवी ने कहा, '8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है।' सिब्बल ने कहा, 'यह इतना आसान नहीं।' वहीं, वकील संकरनारायणन ने बताया कि आधार कार्ड और वोटर कार्ड जैसे दस्तावेज भी स्वीकार नहीं किए जा रहे। सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं।' हालांकि, जस्टिस धूलिया ने कहा कि चूंकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है, इसलिए इस समय सीमा का कोई खास महत्व नहीं है।*

### पूरे बिहार में कल राहुल तेजस्वी के साथ विपक्ष करेगा चक्काजाम

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव आयोग के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का विरोध किया गया है। सोमवार दोपहर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने राजद कार्यालय में प्रेस कॉफ्रेंस किया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमलोग नौ अप्रैल को पूरे बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के विरोध में प्रदर्शन के तहत हर जिले में चक्का जाम करेंगे। इसमें राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

### यह प्रक्रिया निष्पक्षता के खिलाफ : योगेंद्र यादव

आरजेडी के मनोज झा, कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, महुआ मोइत्रा और अन्य संगठनों ने चुनाव आयोग के इस कदम को गलत ठहराया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के खिलाफ है। बिहार की सियासत में इस मुद्दे ने पहले ही हलचल मचा दी है।

तेजस्वी बोले-बिहार में वोटबंदी की साजिश

# चुनाव आयोग है कन्फ्यूज, हर घंटे बदले जा रहे नियम-निर्देश



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की खामियां गिनाते हुए इसे रोकने की मांग की। उन्होंने प्रेस कार्फ्रेंस कर कहा, चुनाव आयोग कन्फ्यूज है। हर घंटे नियम-निर्देश बदले जा रहे हैं। आयोग के फेसबुक पेज पर ही भ्रम फैलाया जा रहा है। एक पोस्ट में एक बात, दूसरे में अलग जानकारी दी जा रही है। वोटर लिस्ट में कागजात बाद में देने की बात की जा रही है। बिहार चुनाव आयोग के विज्ञापन और ज्ञापन में अंतर है। यह आदेश शंका पैदा कर रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह नियोजित तरीके से करवाया जा रहा है। आयोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहा है, पर हकीकत एकदम अलग है।

### 2 गुजराती बिहारियों से छीन रहे वोटिंग राइट्स : लालू

इधर पूरे मामले पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यादव ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए एक्स पर लिखा, 'दो गुजराती मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छीनने का प्रयास कर रहे हैं।' 'इन दो गुजरातियों को बिहार, संविधान और लोकतंत्र से सख्त नफरत है।

### नागरिकता भी चली जाएगी : ओवैसी

एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, अगर किसी का नाम हटा दिया जाएगा, तो वह व्यक्ति न केवल अपना वोट खो देगा, बल्कि यह उसकी आजीविका का भी मुद्दा है। हमारा एकमात्र मुद्दा यह है कि चुनाव आयोग इतने कम समय में इस तरह की कवायद को कैसे लागू कर सकता है?



संगठन के वार्षिक सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# खनिज, तकनीक की सुरक्षित सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करे ब्रिक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जटिल खनिजों के निर्यात पर चीन द्वारा लगाई गई पाबंदियों और उसकी गैर-पारदर्शी नीति के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मामले पर ब्राजील में आयोजित किए गए ब्रिक्स के वार्षिक सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। जिसमें उन्होंने समूह देशों से जटिल खनिजों और तकनीक में सहयोग को आगे बढ़ाते हुए इनकी एक सुरक्षित व लचीली सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमें ये भी देखना होगा कि कोई भी देश इनका उपयोग केवल अपने स्वार्थ के लिए या हथियार के रूप में न करे। प्रधानमंत्री ने अपनी इस टिप्पणी में हालांकि चीन का प्रत्यक्ष रूप से नाम नहीं लिया। लेकिन उनका इशारा उसी की तरफ था। सम्मेलन का विषय 'स्ट्रेंथनिंग मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों व एआई' रखा गया था। जिसमें पीएम ने भारत की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) प्रशासन में चिंताओं के समाधान और नवाचार के प्रोत्साहन दोनों को एक जैसी प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें मिलकर एक जिम्मेदार एआई के लिए काम करना होगा।



### जटिल खनिजों पर चीन का दबदबा

यहां बता दें कि जटिल खनिजों में शामिल लिथियम, निकल और ग्रेफाइट को बेहद महत्वपूर्ण खनिजों की श्रेणी में शुमार किया जाता है। इनका इस्तेमाल उच्च-स्तरीय तकनीक से जुड़े उत्पादों जैसे इलेक्ट्रिक गड़ियों (ईवी), ड्रोन और बैटरी स्टोरेज के लिए किया जाता है। भारत का पड़ोसी देश चीन इस मामले में वैश्विक सप्लाई चेन में दबदबा रखने वाला एक बेहद मजबूत खिलाड़ी है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में मानवता की समृद्धि, प्रगति और तकनीक और विशेष रूप से एआई पर निर्भर हैं। एक ओर ये सामान्य आदमी के जीवन में परिवर्तन लाने का बड़ा ही प्रभावी माध्यम है।

रविवार को था तिब्बती नेता का जन्मदिन

# पीएम मोदी के दलाई लामा को बधाई देने पर चीन नाराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के 90वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी, जिस पर चीन भड़क गया है। उनके जन्मदिन के समारोह में भारतीय अधिकारियों की मौजूदगी पर चीन ने विरोध जताया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि तिब्बत से जुड़े मुद्दों पर भारत को चीन की संवेदनशीलता को पूरी तरह से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिब्बत से जुड़े मामलो पर चीन की स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है जो सबको पता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया, '14वें दलाई लामा राजनीतिक कारणों से अपने देश से बाहर रह रहे हैं। वे लंबे समय से अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और धर्म की आड़ में शिजांग (तिब्बत का एक क्षेत्र) को चीन से अलग करने का प्रयास करते रहे हैं।

### जन्मदिन समारोह में पहुंचे थे केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और राजीव रंजन सिंह, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, सिक्किम के मंत्री सोनम लामा और हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गियर धर्मशाला में दलाई लामा के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए थे। यह आयोजन ऐसे वक्त हुआ है, जब पिछले कुछ दिनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि दलाई लामा संस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (सह)/एस.ई.सी.आर. नागपुर, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते है।

**क्र. सं. 1 निविदा सूचना संख्याः एस/ 05/ एनजीपी/2025-2026**

**कार्य का नामः** एडीईएन/नागभीर के अधिकार क्षेत्र में 30.06.2026 तक की अवधि के लिए जी-सीएएफ बीजी सेक्शन के दौरान स्टाफ आवास और सेवा भवनों के लिए मरम्मत और रखरखाव कार्य, जल आपूर्ति, सफेदी, रंगाई और पेंटिंग सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन।

**अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 1,29,00,000/-
**सुरक्षा जमा**: रु. 2,14,500/-

**क्र. सं. 2 निविदा सूचना संख्याः एस/ 06/ एनजीपी/2025-2026**

**कार्य का नामः** एडीईएन/डब्ल्यू/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई/डब्ल्यू /एमआईबी और एसएसई/डब्ल्यू/बीएस के तहत स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत और रखरखाव के लिए सिविल जोनल कार्य का निष्पादन।

**अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 1,30,00,000/-
**सुरक्षा जमा**: रु. 2,15,000/-

**क्र. सं. 3 निविदा सूचना संख्याः एस/ 07/ एनजीपी/2025-2026**

**कार्य का नाम** : एडीईएन/डब्ल्यू/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र में 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई(डब्ल्यू)/मोतीबाग/नागपुर और एसएसई/डब्ल्यू/बेलीशॉप के अंतर्गत सेवा भवनों और आवासीय भवनों की सफेदी, रंगाई और पेंटिंग के लिए क्षेत्रीय कार्य का निष्पादन।

**अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 99,00,000/-
**सुरक्षा जमा**: रु. 1,98,000/-

**क्र. सं. 4 निविदा सूचना संख्याः एस/ 08/ एनजीपी/2025-2026**

**कार्य का नामः** एडीईएन/वर्क्स/एनजीपी के अधिकार क्षेत्र में 30.06.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/वर्क्स/मोतीबाग और एसएसई/डब्ल्यू/बेलीशॉप के अंतर्गत सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव कार्यों (बागवानी कार्यों सहित) के लिए सिविल जोनल कार्य का निष्पादन।

**अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 1,07,00,000/-
**सुरक्षा जमा**: रु. 2,03,500/-

**क्र. सं. 5 निविदा सूचना संख्याः एस/ 09/ एनजीपी/2025-2026**

एडीईएन/वर्क्स/नागपुर के अधिकार क्षेत्र में माउंट रोड, नागपुर में टेनिस कोर्ट का नवीनीकरण और उन्नयन।

**अनुमानित निविदा मूल्यः** रु. 18,60,583/-
**सुरक्षा जमा**: रु. 37,200/-

उपर्युक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियाँ 25.07.2025 को 3.00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है। विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है

**मंडल अभियंता (दक्षिण)**
**एस.ई.सी.आर. रेलवे नागपुर**

AAA/13/64

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

एडवांस्ड इन्फोस्टीलर मालवेयर के जरिए चुराया गया इसे

# गूगल-एपल यूजर्स सावधान! 16 अरब पासवर्ड हुए लीक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप गूगल, एप्पल, फेसबुक या टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते हैं, तो य जानकारी आपके लिए बेहद जरूरी है। भारत सरकार की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी सीईआरटी-इन (इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम) ने एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें बताया गया है कि दुनियाभर में 16 अरब से ज्यादा पासवर्ड लीक हो चुके हैं। ये पासवर्ड डार्क वेब पर बिक रहे हैं और इनसे आपकी डिजिटल पहचान, बैंक अकाउंट, ईमेल और सोशल मीडिया प्रोफाइल्स को खतरा हो सकता है। । रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक लेटेस्ट लीक है और एडवांस्ड इन्फोस्टीलर मालवेयर के जरिए इसे चुराया गया है।

**यह है मामला** गूगल, एप्पल, फेसबुक और टेलीग्राम जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स के पासवर्ड्स ऑनलाइन लीक हो चुके हैं। ये पासवर्ड डार्क वेब पर बेचे जा रहे हैं, जिससे हैकर्स आपके अकाउंट का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। सीईआरटी- इन ने इसे साइबर इमरजेंसी मानते हुए सभी इंटरनेट यूजर्स को तुरंत सावधानी बरतने को कहा है। आपकी पहचान चोरी हो सकती है। बैंक या सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो सकता है। आप फिशिंग का शिकार हो सकते हैं। कोई भी आपकी पर्सनल डिटेल्स का गलत इस्तेमाल कर सकता है।

### इन बातों का रखें खास ध्यान

- **पासवर्ड तुरंत बदलें :** अपने सभी जरूरी अकाउंट्स (गूगल, एप्पल, फेसबुक, टेलीग्राम आदि) का पासवर्ड तुरंत बदलें। एक ही पासवर्ड कई जगह इस्तेमाल न करें।
- **मजबूत पासवर्ड बनाएं :** पासवर्ड में अक्षर (ए-जेड), संख्याएं (0-9), और स्पेशल कैरेक्टर्स (‹\@›,#,$) जरूर शामिल करें। उदाहरण के लिए R‹\@›ghav!231 ऐसा कुछ रख सकते हैं। 2-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) : ये फीचर आपके अकाउंट को डबल सिक्योरिटी देता है। लॉगिन करते वक्त आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा जिससे कोई और आपका अकाउंट नहीं खोल सकता।
- **संदिग्ध ईमेल और लिंक से बचें :** कोई भी अनजान ईमेल या लिंक पर क्लिक न करें, खासकर जब वो पासवर्ड या पर्सनल जानकारी मांग रहा हो।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / एस.ए.एम / कल्याणी / कार्मि / 25.26 / 280 दिनांक 01.07.2025

**आम सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल भटगांव क्षेत्रान्तर्गत शिवानी भूमिगत खदान परियोजना के खनन कार्य हेतु ग्राम बंशीपुर के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित / उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएं यथाशीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। तत्सम्बंध में भूस्वामियों एवं प्रस्तावित व्यक्तियों द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जार रही है:-

ग्राम-बंशीपुर

| स. क्र. | 1A & 1B भूमि संबंधी एवं अन्य दस्तावेजों में भू-स्वामी का नाम | | खसरा न. | रकबा (हे.) | उम्मीदवार का वास्तविक नाम प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित उम्मीदवार व्यक्तिगत के दस्तावेजो में नाम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1A - 1B के अनुसार भूमि स्वामी का नाम - | राकेश कुमार सिंह आ. विजय शंकर सिंह | 1332 | 0.260 | रंजू सिंह पति राकेश कुमार सिंह | नामांकन मे नाम - | रंजू सिंह पति राकेश कुमार सिंह |
| | राजस्व दस्तावेजों (ऋण पुस्तिका) में नाम - | राकेश कुमार सिंह आ. विजय शंकर सिंह | 1347 | 0.290 | | वंश वृक्ष में नाम - | रंजू सिंह |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी-1) (9 (1)) में नाम - | राकेश कुमार सिंह आ. विजय शंकर सिंह | 1455/1 | 0.200 | | आधार कार्ड मे नाम - | रंजू सिंह |
| | राजस्व दस्तावेजों (बी-1) (मुआवजा प्राप्ति के समय) में नाम - | राकेश कुमार सिंह आ. विजय शंकर सिंह | 1609 | 0.070 | | पेन मे नाम - | RANJU SINGH |
| | आधार कार्ड में नाम - | राकेश कुमार सिंह | 1610 | 0.170 | | निवास प्रमाण पत्र में नाम - | रंजू सिंह पति राकेश कुमार सिंह |
| | वोटर कार्ड मे नाम - | राकेश कुमार सिंह | 1611 | 0.290 | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम - | RANJU SINGH DO DHANRAJ SINGH |
| | वंश वृक्ष में नाम - | राकेश कुमार सिंह | 1678 | 0.390 | अदिति सिंह पिता राकेश कुमार सिंह | नामांकन मे नाम - | अदिति सिंह पिता राकेश कुमार सिंह |
| | विवाह प्रमाण पत्र में नाम - | राकेश कुमार सिंह आ. विजय शंकर सिंह | | | | वंश वृक्ष में नाम - | अदिति सिंह |
| | | | | | | आधार कार्ड मे नाम - | अदिति सिंह |
| | | | | | | पेन मे नाम - | NA |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र में नाम - | अदिति सिंह |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम - | ADITI SINGH |
| | | | Total | 1.670 | | | |

अतः किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों / प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय- उपक्षेत्रीय प्रबंधक, कल्याणी उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगांव क्षेत्र, पो.आ. भटगांव कॉलरी, तहसील-प्रतापुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) में इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा-आपत्ति मान्य नही होगा।

SECL/25-26/88

उपक्षेत्रीय प्रबंधक, कल्याणी उपक्षेत्र, भटगांव क्षेत्र

# जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिएः धनखड़

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक जज के आवास से भारी नकदी मिलने की घटना को न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी बताया और इसकी आपराधिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज न होना चिंता का विषय है।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में एक जज के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने की घटना की आपराधिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस घटना की तुलना 'आइड्स ऑफ मार्च' से की। आइड्स ऑफ मार्च रोमन कैलेंडर में 15 मार्च की तारीख को कहा जाता है। यह इतिहास में इसलिए प्रसिद्ध है, क्योंकि 44 ईसा पूर्व इसी तारीख पर रोम के सम्राट जूलियस सीजर की हत्या कर दी गई थी। उन्हें उनके ही भरोसेमंद साथियों ने धोखे से मार दिया था। इसलिए, आइड्स ऑफ मार्च अब धोखाधड़ी, षड़यंत्र और विश्वासघात का प्रतीक है।

**उपराष्ट्रपति ने बताई कार्यवाही नहीं हो पाने की वजह**

**1990** के दशक की व्यवस्था एफआईआर में बन रही बाधक

**बोले-** न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी

### शुरू से ही आपराधिक मामला मानना था



धनखड़ ने कहा कि अगर वहां नकदी मिली है, तो शासन प्रणाली को तुरंत हरकत में आना चाहिए था। सबसे पहला कदम इसे आपराधिक मामला मानना, दोषियों का पता लगाना और उन्हें न्याय के कटघरे में लाना होना चाहिए था। कोच्चि स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि जिस तरह जज के घर नकदी मिली, वह न्यायपालिका के लिए 'आइड्स ऑफ मार्च' जैसी चेतावनी है। उन्होंने बताया कि 14-15 मार्च की रात भारी मात्रा में नकदी मिलने की बात आधिकारिक रूप से मानी गई, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। उन्होंने चिंता जताई कि इस मामले को शुरुआत से ही आपराधिक मामला माना जाना चाहिए था।

### अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज



जस्टिस वर्मा ने सभी आरोपों से इनकार किया है और इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक समिति को अपना जवाब भी सौंपा है। हालांकि, इसके बावजूद उनके न्यायिक कार्यों पर रोक लगाई गई और बाद में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने वहां के चीफ को निर्देश दिया है कि फिलहाल उन्हें कोई न्यायिक काम न सौंपा जाए। इस मामले की जांच कर रही समिति ने अब तक 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

**प्राथमिकी दर्ज नहीं होने में हैं अड़चन**

धनखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर कार्रवाई करने में असमर्थ है, क्योंकि 1990 के दशक की एक सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के अनुसार, इस तरह के मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती, जब तक कि कुछ विशेष प्रक्रियाएं पूरी न हो जाएं। खबर है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

### मुद्दे की जड़ तक जाना जरूरीः उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा का नाम लिए बिना कहा कि अगर धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना बेहद जरूरी है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी जज के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह पैसा आखिर किसका है? इस पूरे मामले में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा,मुझे उम्मीद है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा। लोकतंत्र में यह बेहद महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका पर लोगों का विश्वास अडिग है। आज इस घटना की वजह से उसकी नींव डगमगा गई है।

## खबर संक्षेप

### बद्रीनाथ मार्ग ठप, हिमाचल की 269 सड़कें भी बंद



**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून पूरी तरह से एक्टिव है और सभी राज्यों में बारिश का दौर चल रहा है। भारी बारिश के चलते आवागमन प्रभावित हुआ है। दिल्ली के एनएच-48 पर कई जगह दो-दो किमी लंबा जाम लगा है। गाड़ियां घंटों से फंसी हुई हैं। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते बद्रीनाथ मार्ग कई जगहों पर बंद हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में तेज बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके का पुल नदी में बह गया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। बदरीनाथ हाईवे पर भी नंदप्रयाग और कर्णप्रयाग के बीच भारी मात्रा में मलबा आ गया है, जिससे हाईवे अवरुद्ध हो गया है।

### टेक्सास में बाढ़ से 80 लोगों की मौत

**केरविल।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ संबंधित घटनाओं में अब तक कम से कम 82 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जान गंवाने वालों में गर्मी की छुट्टियों में आयोजित शिविर में भाग ले रहे कई बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान जारी है तथा मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि टेक्सास राज्य में 41 लोग लापता बताए जा रहे हैं। गवर्नर एबॉट ने चेतावनी दी कि मंगलवार तक भारी बारिश जारी रहने की संभावना है जिससे बाढ़ का खतरा और बढ़ सकता है।

## 17वें ब्रिक्स सम्मेलन का घोषणा पत्र जारी, लिए गए अहम फैसले

# भारत एवं ब्राजील को यूएनएससी और यूएन में स्थाई सदस्य बनाने की मांग

सीओपी 33 की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी ▶▶ रियो डी जेनेरियो

17वें ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणा पत्र में भारत और ब्राजील को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्य बनाए जाने की मांग की गई है। ब्रिक्स नेताओं ने इस साझा घोषणा पत्र में संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को अधिक लोकतांत्रिक और प्रभावशाली बनाने के लिए ग्लोबल साउथ के दो देश भारत और ब्राजील को इसका सदस्य बनाने की पुरजोर मांग की है। ब्रिक्स देशों के नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र, जिसमें सुरक्षा परिषद भी शामिल है, के व्यापक सुधार के लिए अपना समर्थन दोहराया है, ताकि इसे और अधिक लोकतांत्रिक, प्रतिनिधित्वपूर्ण, प्रभावी और कुशल बनाया जा सके और परिषद की सदस्यता में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके।

अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ध्रुवीकरण व विखंडन पर चिंता व्यक्त की

पेरिस समझौते के उद्देश्य और लक्ष्यों की के लिए प्रतिबद्ध जताई

**एकतरफा टैरिफ पर जताई चिंता**



*ब्रिक्स समूह के नेताओं ने एकतरफा टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों के बढ़ने पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसे टैरिफ पर वाशिंगटन की नीति के अप्रत्यक्ष संदर्भ के रूप में देखा गया। ब्रिक्स ने दुनिया के कई हिस्सों में चल रहे संघर्षों और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में ध्रुवीकरण और विखंडन की वर्तमान स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की।*

**मलेशिया के साथ द्विपक्षीय संबंध मजबूत हो रहे**

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम के साथ बहुत अच्छी बैठक थी।

**जयशंकर ने की कई बैठकें**

### रूस के साथ एससीओ और आतंकवाद पर हुई बातचीत



ब्रिक्स देशों के सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय सहयोग, पश्चिम एशिया की स्थिति, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

## कसौटी पर खरे नहीं फिर भी मान्यता, 23 मेडिकल कॉलेजों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने हाल ही में सीबीआई द्वारा उजागर किए गए मेडिकल और फार्मेसी कॉलेजों को मान्यता देने में हुए घोटाले में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस नेता डॉ ओनिका मेहरोत्रा ने इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' वाली टैगलाइन अब बदलकर 'खाऊंगा भी, खिलवाऊंगा भी' हो गई है।

■ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

उन्होंने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) में हुए घोटाले के बारे में बताया कि देशभर में 40 से अधिक मेडिकल कॉलेजों ने रिश्वत, फर्जी दस्तावेजों और निरीक्षण में हेरफेर के जरिए मान्यता प्राप्त की। निजी संस्थानों से तीन से पांच करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर उन्हें मान्यता दी गई, चाहे उनके पास योग्यता और बुनियादी ढांचा हो या न हो।

**ऐसे ऐसे फर्जीवाड़े**

उन्होंने बताया कि इंदौर के इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश भदौरिया ने अस्थायी डॉक्टरों को स्थायी फैकल्टी के रूप में दिखाया और क्लोन फिंगरप्रिंट का उपयोग किया। इसके अलावा गुजरात के स्वामीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, बिहार के श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कॉलेज और मेरठ के एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जैसे कई कॉलेजों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मान्यता दी गई।

## पिछड़े, दलित की मोदी सरकार ने रोकी स्कॉलरशिप, राहुल ने कहा- 'मनुवादी सोच'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बिहार चुनाव से पहले सामाजिक कल्याण मंत्रालय ने विपक्ष को एक बडा मुद्दा दे दिया है। मंत्रालय ने नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप के अंतर्गत देशभर के 66 दलित, पिछडे और आदिवासी छात्रों को ही स्कॉलरशिप जारी किया है जब कि चयन 106 छात्रों का हुआ है। बाकी छात्रों को फंड की कमी का हवाल देते हुए अभी इंतजार करने को कहा गया। बस, इसी बात को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लपक लिया है। बिहार चुनाव में इस मामले को अब खूब हवा दी जाएगी। देशभर में विपक्ष आंदोलन की तैयारी अलग से कर रहा है। राहुल गांधी ने दलित, पिछड़े और आदिवासी छात्रों को फंड की कमी का हवाला देकर विदेश में पढ़ाई के अवसर से वंचित करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे भाजपा और आरएसएस की "मनुवादी सोच" का परिणाम बताते हुए इसे बहुजन समुदाय के खिलाफ खुला अन्याय करार दिया।

**सरकार ने नहीं दिया बयान**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से इस मुद्दे पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, कुछ सरकारी सूत्रों का कहना है कि बजट की कमी के कारण स्कॉलरशिप के लिए चयनित सभी छात्रों को तत्काल फंड देना संभव नहीं था। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए अतिरिक्त फंड आवंटन पर विचार कर रही है।

## सीआईएसएफ ने अमेरिका में विश्व पुलिस, फायर खेलों में जीते 64 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने बीते 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका में आयोजित किए गए विश्व पुलिस और फायर खेलों-2025 में कुल 64 पदक जीतें हैं। जिससे देश बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल आयोजन है। जिसमें दुनियाभर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी अलग-अलग खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस साल 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों से इन खेलों में भाग लिया था। जिनमें हरियाणा के एथलीट भी शामिल हैं। सीआईएसएफ ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि अर्ध-सैन्यबल की टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार खेल भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया। सभी की सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने में मदद की है।

■ भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हुआ

## बेल नियम और जेल अपवाद का रूल भुलाया गया, मैंने सिसोदिया केस में इसकी याद दिलाई

सीजेआई गवई ने आप नेता के मामले में कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि 'बेल नियम है और जेल अपवाद है' यह एक वैधानिक सिद्धांत है। इसका पालन अदालतों में पिछले दिनों बंद हो गया था। चीफ जस्टिस ने केरल हाई कोर्ट में आयोजित जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर मेमोरियल लेक्चर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बेल नियम है और जेल अपवाद इस सिद्धांत को भुलाने की कोशिश हुई, लेकिन मैंने मनीष सिसोदिया, के. कविता और प्रबिर पुरकायस्थ मामले में इसे याद दिलाया। उन्होंने कहा, जस्टिस कृष्ण अय्यर का पूरी मजबूती से यह मानना था कि अंडरट्रायल लोगों को जेल में नहीं रखना चाहिए। बिना ट्रायल के उन्हें लंबे समय तक जेल में रखना सही नहीं है।

## वैज्ञानिक प्रयोगों की प्रगति और गतिविधियों की दी जानकारी

**इसरो प्रमुख को शुभांशु ने किया फोन अंतरिक्ष यात्रा के लिए कहा- धन्यवाद**

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



भारतीय अंतरिक्ष यात्री (गगनयात्री) शुभांशु शुक्ला, इस समय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। शुक्ला ने इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष वी. नारायणन को फोन कर अपनी अंतरिक्ष यात्रा के लिए उनके और पूरी इसरो टीम के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस पहुंचे हैं। इसरो ने बताया कि यह फोन कॉल 6 जुलाई की दोपहर को हुआ था। इस बातचीत में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने शुभांशु शुक्ला का हालचाल पूछा और यह जानना चाहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर कौन-कौन से वैज्ञानिक प्रयोग और गतिविधियां चल रही हैं। इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सभी प्रयोगों और अनुभवों को विस्तार से दस्तावेज के रूप में तैयार करना चाहिए, ताकि भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकें।

**लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश में जुटे**

*इसरो प्रमुख वी. नारायणन से बातचीत के दौरान शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष स्टेशन पर चल रहे तमाम प्रयोगों की प्रगति की जानकारी भी साझा की और बताया कि वे किन वैज्ञानिक लक्ष्यों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं और किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।*

**इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी की बात**

इस फोन कॉल के दौरान इसरो के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे, जिसमें डॉ. उन्नीकृष्णन नायर, विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक और मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रोग्राम मैनेजमेंट काउंसिल के चेयरमैन, एम. मोहन, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक, पद्मकुमार ई. एस., इसरो इनर्शियल सिस्टम यूनिट (आईआईएसयू) के निदेशक, एम. गणेश पिल्लई और इसरो के वैज्ञानिक सचिव और एलपीएससी के पूर्व निदेशक एन. वेदाचलम भी शामिल रहे।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 वेतन योग्यतनुसार (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **भर्ती कार्यालय, साकरा चौक सिलतरा रायपुर, छत्तीसगढ.** 7747000019, 7746000016, (RO-074)

**पेट्रोलपंप कर्मी**

**आवश्यकता है-** ग्राम परसदा-4 (सेजबहार के पास) , रायपुर में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु 12वीं पास, लगभग 35 वर्षीय, पंप इंचार्ज की । कंप्यूटर चलाना, स्वयं का वाहन एवं मोबाइल आवश्यक। **संपर्क करें प्रात: 10 से शाम 7 तक** 8349933320.(RO-264)

**वार्ड बॉय**

**आवश्यकता है-** धनवंतरी अस्पताल में कार्य करने हेतु वार्ड बॉय की आवश्यकता है प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं संपर्क करें नजदीकी निवासरत एवं पिछड़ी जाति को प्राथमिकता **संपर्क -धनवंतरी अस्पताल नेहरू नगर भिलाई फोन** 0788 - 4040489, 0788-229 2832.(आरो नं.-0915)

**घरेलू कार्य**

**आवश्यकता है-** घर के कार्य करने हेतु एक महिला/ लड़की / लड़के की आवश्यकता है (रहने की सुविधा उपलब्ध), **संपर्क: टाटीबंध रायपुर** +91 93291 09448 (RO-3884)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** महाराष्ट्र मसाला उद्योग में कार्य करने (1) सेल्समैन कमीशन + बेसिक (2) Tally Accountant कम Billing ऑपरेटर 2 पद (3) टाटा यस एवं आपे ड्रायवर ऑलराउंडर (4) दुकान हेल्पर लड़के - लड़कियां **संपर्क** 94255-17056, 94252-12631 (RO-0031)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-**दवा कंपनी में कार्य करने हेतु दसवीं एवं बारहवीं पढ़े लिखे लड़कियों की आवश्यकता है। मिलने का समय 5से 7बजे । **संपर्क:- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने बजाज गोल्ड फायनेंस के पीछे दुर्ग,डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.-94255-55659,** 96177-89223. (आरो-7189)

**सेल्स/ मार्केटिंग**

**आवश्यकता है-** सेल्स मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है जो इंडस्ट्रियल फील्ड में कार्य किये हो कम्पनीयों, फैक्ट्रियों से ऑर्डर निकाल सके, वर्क टारगेट बेसिक सैलरी 20000/- से 25000/- महीना, बायोडाटा **व्हाट्सएप करें:-** 8777261838 (RO-163)

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है, उम्र 18-28, वेतन 10,000 +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री **संपर्क करें:-** 7796880121, 8889257623.(RO-165)

**विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक**

**अन्य**

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-725 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+62500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (धीरेंद्र कुमार)- 7392890179. (RO-1004)

**Astrology ज्योतिष**

**छत्तीसगढ़िया ज्योतिष -** काली माता की शक्तिशाली चमत्कारी पुजा अवइया चार महिना (चौमास) भारी कष्टदायक हे आर्थिक मानसिक शारीरिक आदि समाधान बर **नि:शुल्क संपर्क करव मो.** 8461886239 (RO-6825)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

**बेचना है-** एक 60 डिसमिल व्यावसायिक प्लाट प्राइम लोकेशन मेन रोड पर पुराना बस स्टैण्ड नायरा पैट्रोल के पहले मुंगेली पंडरिया रोड पर, पंडरिया मे बेचना है **सम्पर्क करें-** 9301051815, 8962284000.(RO-509)

**कृषि भूमि**

**बेचना है-** कृषि भूमि अतिशीघ्र बेचना है ग्राम-रामपुर तहसील- दाढ़ी जिला-बेमेतरा (छ.ग.) में। **सम्पर्क करें-** 8817731165. (RO-38142)

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

**For Rent किराया**

**किराए से-** भावना नगर (शंकर नगर) सागर हॉस्पिटल के पास, मेन रोड पर वर्किंग वूमन और स्टूडेंट के लिए सर्व सुविधा युक्त AC / नॉन AC, PG रूम हेतु **संपर्क करें मोबाइल :-** 9302309266. (RO-159)

**Finance फायनेंस**


**फाइनेंस-** सुंदरम फाइनेंस द्वारा पाएं घर बैठे लोन आसान किस्तों पर समूह लोन, बिजनेस लोन, आधार लोन, पर्सनल लोन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रॉपर्टी लोन 2% वार्षिक ब्याज 30% छूट **हेल्पलाइन-** 8127684826, **हेड ऑफिस-** 9889062539 (RO-156)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## जैकेट के शेष

### मार्गदर्शन का मिलेगा...

मिला हमारे लिए सौभाग्य है। एक पेड़ मां के नाम सुबह को सभी सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय ने भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मैनपाट से दो किलो मीटर दूर रोपाखार में एक-एक पेड़ लगाया।

### नड्डा के तेवर...

व्यवहार भी अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा मीडिया में सोच समझकर बयान दें, कोई भी विवादास्पद बयान नहीं होना चाहिए। हम सबका काम पार्टी को मजबूत करने का करना है।

### शाह देश के सामने...

उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। पहले दिन श्री नड्डा के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने अलग-अलग विषयों पर अपनी बात रखी।

### 21.74 अरब के...

गया था, जिसमें देशी शराब की खपत अधिक थी। डिस्टलरियों में अतिरिक्त शराब निर्माण कर, ट्रकों में भरकर शराब सीधे चुने हुए जिलों की अधिक बिक्री वाली देशी शराब दुकानों में भेजी जाती थी। वेयर हाउस के जरिए शराब, दुकानों तक पहुंचाने का सिस्टम खत्म कर दिया गया। अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर ने ऐसा सिस्टम तैयार किया जिसके जरिए बिना ड्यूटी पटाये, शराब समानांतर बेची गई। इस कार्य में दुकानों के सेल्स मैन, सुपरवाइजर, आबकारी विभाग के निचले स्तर के अधिकारी, दुकान के प्रभारी अधिकारी से लेकर जिला प्रभारी आबकारी अधिकारी शामिल थे। इस तरह की शराब को बी-पार्ट की शराब के नाम से जाना जाता था।

**इन डिस्टलरियों के माध्यम से शराब सप्लाई** : चालान में मैसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज, मैसर्स भाठिया वाइन और वेलकम डिस्टलरीज का जिक्र किया गया है। इनके अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। चालान में कहा गया है कि इनके माध्यम से बिना ड्यूटी चुकाए ट्रकों में भरकर शराब अवैध रूप से दुकानों तक पहुंचाई गई। उसे पार्ट बी के तौर पर बेचा गया और उससे मिली रकम को अफसर और नेताओं को दिया गया। आबकारी अधिकारियों ने अपना हिस्सा रखकर सरकार को राजस्व हानि पहुंचाई।

**इसलिए गिरफ्तारी नहीं** : ईओडब्ल्यू एसीबी ने कहा है कि 29 आबकारी अधिकारियों ने जांच में सहयोग किया इसकी वजह से इन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया है, उनमें सहायक जिला आबकारी अधिकारी से लेकर आबकारी उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। आबकारी अधिकारियों के खिलाफ ईओडब्लू, एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,12 एवं 420, 467, 468, 471, 120-बी के तहत अपराध दर्ज किया है। जिन आबकारी अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया है, उनमें सात सेवानिवृत्त आबकारी अधिकारी शामिल हैं।

**शराब घोटाला में 70 नामजद आरोपी** : राज्य के चर्चित शराब घोटाला में ईओडब्लू, एसीबी ने नामजद 70 आरोपी बनाए हैं। इनमें 13 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में घोटाले का किंग पिन पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, कवासी लखमा, विजय भाटिया सहित अन्य चर्चित कारोबारियों के नाम शामिल हैं।

### इन अफसरों के खिलाफ...

■ गरीबपाल सिंह दर्दी- जिला आबकारी अधिकारी ■ नोहर सिंह ठाकुर- उपायुक्त आबकारी ■ सोनल नेताम- सहायक आयुक्त, आबकारी ■ प्रकाश पाल- सहायक आयुक्त आबकारी, ■ अलेख राम सिदार- सहायक आयुक्त आबकारी ■ आशीष कोसम- सहायक आयुक्त आबकारी ■ एके सिंग- जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त) ■ राजेश जायसवाल- सहायक आयुक्त आबकारी ■ जेआर मंडावी - जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त) ■ जीएस नुरूटी- सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त) ■ देवलाल वैध- जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त) ■ एके अनंत- जिला आबकारी अधिकारी (सेवानिवृत्त) ■ वेदराम लहरे- सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त) ■ एलएल ध्रुव - सहायक आयुक्त आबकारी (सेवानिवृत्त)

### शताब्दी वर्ष में...

आयोजन होगा। केशव कुंज दिल्ली में सोमवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक रविवार को संपन्न हुई। सोमवार को केशव कुंज में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने तीन दिवसीय बैठक के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर दिल्ली प्रांत संघचालक डॉ. अनिल अग्रवाल, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में सरसंघचालक मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। आंबेकर बताया कि तीन दिवसीय प्रांत प्रचारक बैठक में संघ कार्य विस्तार, शताब्दी वर्ष योजना, विभिन्न प्रांतों में चल रहे कार्य, अनुभव व प्रयासों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही समाज जीवन के विभिन्न समसामयिक विषयों के संदर्भ में भी चर्चा हुई।

# शांतिकाल महज एक 'भ्रम' है, हमें 'अनिश्चितता' के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए : राजनाथ

**राजधानी में आयोजित किए गए 'नियंत्रक सम्मेलन-2025' को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की 7 मई 2025 को की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को सोमवार को दो महीने पूरे हो गए हैं। जिसमें सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 ठिकानों में छिपे बैठे 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया था। लेकिन इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजधानी में आयोजित किए गए रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 'नियंत्रक सम्मेलन-2025' को संबोधित करते हुए देश की सुरक्षा के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। जिसमें उन्होंने शांति के समय को वास्तविक शांति की बजाय एक धोखा या भ्रम मानने की सलाह दी और कहा कि अपेक्षाकृत शांति के माहौल में भी हमें हमेशा अनिश्चितता और अस्थिरता के



लिए तैयार रहना चाहिए। अचानक घटित होने वाली परिस्थितियां हमारी वित्तीय और परिचालन स्थिति में पूर्ण बदलाव ला सकती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान घरेलू रक्षा हथियारों, उत्पादों की ताकत पूरे विश्व के सामने प्रदर्शित हुई है।

### अस्थायी विराम पर ऑपरेशन सिंदूर

गौरतलब है कि पूर्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के साथ ही पूरी दुनिया को साफ शब्दों में भारत की नई सोच के साथ आतंकवाद के खिलाफ बनी हुई शून्य सहिष्णुता की नीति को स्पष्ट करते हुए यह बता चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थायी विराम पर है। भविष्य में अगर पाकिस्तान द्वारा भारत पर कोई आतंकवादी हमला किया जाता है। तो हम उसे अपने देश पर युद्ध की कार्रवाई के समान ही मानेंगे और उससे उसी अंदाज में निपटेंगे। समारोह में सीडीएस के साथ ही तीनों सेनाप्रमुख भी शामिल हुए।

### स्वदेशी हथियारों की बढ़ी मांग

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य पराक्रम के अलावा भारत के घरेलू रक्षा उत्पादों की बेहतरीन क्षमता का दुनिया के सामने प्रदर्शन हुआ। जिसने देश में तैयार किए गए सैन्य हथियारों, उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग को और बढ़ा दिया है। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ ही हमारी जिम्मेदारी एक नियंत्रक से आगे बढ़कर अब एक सुविधाकर्ता की है। राजनाथ सिंह के मुताबिक, हमारी कोशिश यह सुनिश्चित करना है कि निर्णयों को तीव्र गति से लिया जाए। जिससे हम यहीं भारत में भारतीयों के हाथों से ही बड़े इंजनों का निर्माण शुरू कर सकें।

## इजराइल का यमन में हूती विद्रोहियों पर अटैक

**दुबई (यूएई)।** इजराइल की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाहों और उनके ठिकानों को निशाना बनाकर सोमवार तड़के हवाई हमले किए जिसके जवाब में विद्रोहियों ने भी इजराइल की ओर मिसाइल दागी। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले होदेदा, रास ईसा और सालिफ बंदरगाहों के साथ-साथ रास कनातिब ऊर्जा संयंत्र पर हमले किए। उसने कहा, 'इन बंदरगाहों का इस्तेमाल हूतियों द्वारा ईरान की सरकार से हथियार लाने के लिए किया जाता है। ये हथियार फिर इजराइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकवादी हमलों में इस्तेमाल किए जाते हैं।' इजराइल की सेना ने कहा कि उसने 'गैलेक्सी लीडर' जहाज पर भी हमला किया। यह वाहन ले जाने वाला एक जहाज है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रं .02 बिलासपुर (छ.ग.)**
**मैनुअल द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/479/न.पा.नि./लो.नि.वि./2025-26 बिलासपुर, दिनांक 07.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा प्रपत्र 'ब' में त्रि-लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट में आमंत्रित की जाती है:-
(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय – दिनांक 22.07.2025 सायं 4.00 बजे तक।
(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय – दिनांक 22.07.2025 सायं 4.30 बजे तक।

| क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्ड क्रं. 05 से 12 हेतु साउंड सिस्टम/मुनादी आदि। (वार्षिक निविदा) | 6.00 | 5000/- | 750.00 रु. |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वार्ड क्रं. 05 से 12 हेतु टेंट, कुर्सी, गद्दा, तकिया, चादर व्यवस्था आदि। (वार्षिक निविदा) | 8.00 | 6000/- | 750.00 रु. |

नोटः- कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रं.02,
Green City, Clean City, Dream City. नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)



**संचालनालय कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़**
**ब्लॉक-ए, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर**
दूरभाष 0771-2331306 फैक्स 0771-2445789
E-mail ID:- dir.treasury.cg@nic.in

:: सार्वजनिक सूचना (ईश्तहार) ::

श्री जंगबहादुर पिता श्री पुनउ राम अजगले,
परिवीक्षाधीन अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी
स्थायी पताः सिरपुर रोड, कसडोल,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**विषयः- भैषज जांच हेतु उपस्थित होने के सम्बन्ध में सूचना बाबत।**

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक WP (S) No. 3472/2023 में पारित आदेश दिनांक 02-05-2025 के परिपालन में संचालनालय के पत्र क्रमांक/एस.ए.एस.स्था/2025/1213 दिनांक 26/06/2025 के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड के समक्ष दिनांक 02/07/2025 को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु आप भैषज जांच हेतु उपस्थित नहीं हुए।

अतः आप समस्त चिकित्सीय दस्तावेजों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड की बैठक दिनांक 08/07/2025 को दोपहर 01:00 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अधिष्ठाता कार्यालय के बोर्ड रूम में उपस्थित होने हेतु पुनः निर्देशित किया जाता है।

Sd/-
दिनांक 07.07.2025 Bhagirathi Vishal
वित्त नियंत्रक कोष एवं लेखा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Telephone 07726-221068
Email Address:- cmobhatapara@rediffmail.com

क्र./436/लो.नि.वि./न.पा.प. /2025-26 भाटापारा दिनांक 07.07.2025

**॥ निविदा सूचना (मैन्यूवल) ॥**

नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत स्व वित्तीय योजना/पी.पी.पी. अंतर्गत शंकर वार्ड क्र. 11 स्थित मोती गार्डन में व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसके लिए एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से मैन्यूअल निविदा 03 लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**(निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथी 17.07.2025 एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 05.08.2025 समय सायः 03:00 बजे तक )**

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख रू में) | निविदा प्रपत्र |
|---|---|---|---|
| 01 | शंकर वार्ड क्र. 11 स्थित मोती गार्डन में व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य | 9.53 | प्रपत्र "A" |

टीप :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा



**न्यायालय – श्रीमती विधि डागलिया, चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, इंदौर**
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु RCS B/470/2024
मे. शक्ति इरीगेशन इण्डिया लिमिटेड द्वारा अधिकृत जितेन्द्र
Vs
मेसर्स सोनी ब्रदर्स द्वारा मालिक देवेन्द्र चन्द्राकर
प्रेषिती- पेशी दिनांक -11.08.2025
मेसर्स सोनी ब्रदर्स द्वारा मालिक देवेन्द्र चन्द्राकर
पता - बागबहरा रोड खैरा चौक, महासमुंद जिला महासमुंद छत्तीसगढ़, पिन-493445 एवं
पता - रायपुर रोड, हिमालया पार्क, महासमुंद जिला महासमुंद छत्तीसगढ़, पिन-493445

यह कि प्रार्थी मे. शक्ति इरीगेशन इण्डिया लिमिटेड, कंपनीज अधिनियम 1956 के अंतर्गत निगमित निकाय पंजीकृत कार्यालय 26-27 इण्डस्ट्रियल एरिया, रंगवास रोड राउ, इंदौर द्वारा प्रतिनिधि- जितेन्द्र पिता घनश्याम पाटीदार ने आपके विरुद्ध सिविल सूट बी के लिए वाद संस्थित किया है। आपका इस इस न्यायालय में प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 28.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिप्पणीः- श्रीमती विधि डागलिया
कृपया ध्यान दें:- चौबीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला-न्यायालय इंदौर म.प्र.

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर वह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।



**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Public Works Division, Ahilyanagar**
**Phone No. 0214/2325334 & 0241/2325086**

**E-TENDER NOTICE NO.09 FOR 2025-26 (Online)**
**e-mail- ahilyanagar.ee@mahapwd.gov.in**

online E-Tenders in B-1 Form for the following works invited by Executive Engineer Public Works Division, Ahilyanagar (Phone No. 0241-2325334/2325086) From the Competent and Interested contractors .( Not Necessary Registered with P.W.D.) If Global Company having its Branch/Sub Company in Indian they can Participate in Tender.

Superintending Engineer, Public Works Circle, Ahilyanagar who reserves the right to reject any or all tenders without assigning any reason there fore.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Amount in Lakhs | Estimated Amount I Words |
|---|---|---|---|
| 1 | Improvement to Chaundi Giravali Kawadgaon Arangaon Road MDR-108 Km. 0/000 to 12/100, Tal. Jamkhed. Dist. Ahilyanagar | Rs. 770.00 Lakhs | Rs. Seven Crore Seventy Lakhs only |
| Tender sale start Date -8/07/2025 to 15/07/2025, Tender Opening Dt.16/07/2024, Pre-Bid Meeting, Dt.11/07/2025 at 12.30 Hrs. In the Office of Chief Engineer, P.W.Region Office, Nashik | | | |

The details of works are provided on the websites as below.
1. www.mahapwd.com.
2. https://mahatenders.gov.in

sd/
Executive Engineer,
Public Work Division
Ahilyanagar

DGIPR-2025-26/1535


## पेज एक के शेष

### सावन से पहले झमाझम-झड़ी...

मगर इसके बाद सक्रिय मानसून ने ऐसा असर दिखाया कि 100 मिमी. वर्षा से रायपुर अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। थोड़े अंतराल के बाद लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। रायपुर समेत मध्य इलाके के साथ सरगुजा और बिलासपुर संभाग के शहर भी भारी बरसात से प्रभावित रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का अनुमान है कि मंगलवार को अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। वहीं भारी वर्षा की स्थिति बस्तर संभाग के उत्तरी जिले और उससे लगे दुर्ग और रायपुर संभाग के जिले संभावित हैं।

### बुधवार से कमी की...

तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। एक द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए विस्तारित है।

### 30 गांवों में पानी भरा हाईकोर्ट...

कि अगस्त 2014 में बस्तर के बीजापुर क्षेत्र में भारी बारिश से लगभग 30 गांव टापू बन गए थे। राशन लाने के लिए भी ग्रामीणों को उफनती नदी पार करनी पड़ रही थी। हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर शासन को नोटिस जारी कर हालत सुधारने के उपायों पर जवाब देने कहा गया था।

### सैरसपाटे के लिए देवपहरी...

स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाने की कवायद शुरू की लेकिन पानी के रफ्तार के चलते बाहर नहीं निकाला जा सका। इसके बाद इसकी खबर जिला मुख्यालय व नगर सेना के रेस्क्यू टीम को दी गई जो कोरबा से लेमरु पहुंची। जिसके उपरांत चोरनई नदी के टापू में फंसे युवक युवतियों को बचाने की कवायद शुरू की गई।

**रील के चक्कर में जान जोखिम में डाल रहे** : बता दें कि पिछले 4 दिनों से जिले में झमाझम बारिश हो रही है। हर तरफ पानी ही पानी है लेकिन लोग वहां रील बनाने के लिए और फेसबुक व सोशल मीडिया में फोटो अपलोड करने के लिए लगातार जंगल व नदी नालों सहित ऐसे खतरनाक स्थलों में पहुंच जाते हैं और अपनी जान की बाजी लगा देते हैं।

**देखते ही देखते नदी में बढ़ गया पानी** : सूत्र बताते हैं कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत फोकटपारा में निवास करने वाले तीन युवक व दो युवक भी सोमवार की दोपहर बाइक में सवार होकर लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत देवपहरी पर्यटन केंद्र के चोरनई नदी जा पहुंचे। उस दौरान पानी की रफ्तार कम थी और तीनों युवती व युवक चोरवाई नदी को पार कर कर टापू में जा पहुंचे इस बीच कुछ देर वहां रुके थे कि देखते ही देखते सोनी नदी का पानी की रफ्तार तेज हो गई और लगातार पानी की रफ्तार बढ़ता ही चला गया इस बीच युवती युवक मौके पर फंसे रहे। जब स्थानीय लोगों ने युवक युवती को फंसे देखा तो इसकी सूचना लेमरु पुलिस को दी गई।

**पिछले कुछ वर्षों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है** : लगभग 2 साल पूर्व लेमरु थाना क्षेत्र के चोरनई गोविंद झुंज में बारिश के दौरान ही शहर के कुछ युवक युवती व स्थानीय लोग चोरनई नदी में फंस गए थे जिन्हें किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला था। लगातार प्रशासन और पुलिस ऐसे स्थान में न जाने की अपील लोगों से कर रहे हैं लेकिन इसके बाद भी लोग अपनी हरकतों से बात नहीं आ रहे।

### खड़गे गरजे-नीतीश-नायडू...

दौरान 400 पार का नारा दिया था, कहां है 400 पार। यदि आप एमपी और राजस्थान से 20-20 सीट और देते तो मोदी को हम गुजरात का रास्ता दिखा देते, लेकिन ऐसा हो ना सका। आज हर जगह गरीबों को लूटने का काम चल रहा है। अभी भी ऐसा ही चल रहा है।

**पानी भरा, पंप से निकाला गया** : छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की किसान-जवान-संविधान जनसभा के लिए कई दिनों से कांग्रेस कार्यकर्ता तैयारी में लगे थे। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से साइंस कॉलेज मैदान में पानी भर गया था। बनाए गए डोम के बीच से पानी को पंप के जरिए निकाला गया। बारिश के बीच हुई सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखकर श्री खड़गे ने उनको धन्यवाद दिया। खड़गे ने कहा, बारिश में हम मंच में बैठे हैं और आप पानी में बैठे हैं, तो हमें यही लगता है कि पार्टी के लिए आप मर मिटने के लिए भी तैयार हैं।

**मोदी और शाह के ऑर्डर से चलती है छत्तीसगढ़ की सरकार** : श्री खड़गे ने कहा, भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ की संपत्ति को उद्योगपतियों को देने का काम किया है। यहां के जंगल, जल और जमीन हड़पने का काम केंद्र सरकार ने किया है। यहां उद्योगपति छत्तीसगढ़ के कोयला और माइनिंग को लूटने के लिए आ रहे हैं। यहां की जनता के लिए कोई नहीं आ रहा है, इसलिए अमित शाह बार-बार आ रहे हैं, ताकि यहां के जंगल को उजाड़ सकें। कोयला कहां हैं, स्टील कहां है और आयरन ओर कहां है, इन सब चीजों को देखने के लिए आ रहे हैं, इसलिए हमें मजबूती के साथ इनके खिलाफ लड़ना होगा।

### आदिवासियों के...

हसदेव के जंगल की कटाई के आदेश जारी हो गए। रातों-रात पेड काट दिए गए। तमनार में कांग्रेस विधायक विद्यावति सिदार को पेड़ काटने से रोकने पर नजर बंद किया गया। आदिवासी सीएम होने के बाद भी आदिवासियों के साथ धोखा हो रहा है। उन्होंने कहा, गृहमंत्री आते है और बस्तर में जाकर कहते है कि यहां के तेंदूपत्ता आदिवासी नहीं विभाग के लोग तेंदूपत्ता चुनने का काम करेंगे। इससे 300 करोड़ का नुकसान आदिवासी को होता है। बीजापुर में मात्र 10 प्रतिशत तेंदुपत्ता तोड़ा जाता है, जो गरीब आदिवासी के जीवन में आर्थिक समृद्धि का आधार है। डॉ. महंत ने कहा, आदिवासी परिवार का मुख्यमंत्री होते हुये भी आज तक एक भी वन अधिकार पट्टा नहीं बांटा है। एक पेड़ मां के नाम से लगाने वाले लोग किसके नाम से पेड़ काट रहे है? धान में पिछले साल 45 लाख टन फर्जी खरीदी किया। दूसरे साल 40 लाख टन खरीदी किया और यह फर्जी तरह से खरीदी किया। आज बीज और खाद के लिये किसान तरस रहे है। उन्होंने कहा, आज देश की आत्मा पर हमला हो रहा है, जब जंगल बिक रहा है, संविधान जल रहा है।

### रायपुरवासियों से ...

चुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया, इसलिए पहला उपकार आप लोगों का मुझ पर है, क्योंकि आपके बिना मैं इस कुर्सी पर दोबारा नहीं बैठ सकता था।

### आसमान से आग ...

ऐसे में क्या आप सभा को स्थगित करना चाहते हैं, उनके सवाल पर मैंने कहा था हमें कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पूरा भरोसा है। अभी तो आसमान से पानी गिर रहा है, यदि आग भी बरसेगी तो भी कांग्रेस का कार्यकर्ता आएगा। यहां की मौजूदा बीजेपी सरकार के राज में स्कूल, रोजगार, सुरक्षा सब बंद हो चुका है। सिर्फ अपराध और चाकूबाजी ने पूरे प्रदेश को जकड़ रखा है।

### स्कूल खुल गए ...

करने के लिए विष्णुदेव साय की सरकार ही नहीं,बल्कि केंद्र की बीजेपी सरकार भी जिम्मेदार है। कांग्रेस के शासन में जिन लोगों को वनाधिकार पट्टा मिला था, इनके शासन में एक भी वनाधिकार पट्टा नहीं बंटा। ये लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रहे हैं, लेकिन पूरा जंगल उद्योगपति के नाम पर कर दिया है।

### बैज ने 2028 में ...

एक भी पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा 2028 में हम फिर सरकार बनाएंगे।

### 24 दिनों तक...

मध्य रेलवे से संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा, जिसमें 15 ट्रेनें रद्द रहेगी। वहीं दो ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1, 8, 9 सितम्बर को व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी। 24 अगस्त को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 26 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को हावड़ा से चलने वाली 12262 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनल एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 26, 28 अगस्त, 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से चलने वाली 12261 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, 28, 30 अगस्त को हावड़ा से चलने वाली 12222 हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस पांच घंटे विलंब से, 30 अगस्त को हटिया से रवाना होने वाली 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस तीन घंटे विलंब से, 30 अगस्त, 1, 8 सितम्बर को पुण से चलने वाली 12221 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से, एक सितम्बर को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 6 घंटे विलंब से रवाना की जाएगी।


**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-06-2025-26
कार्यस्थल के साथ कार्य का नाम : इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS) / विशाखापट्टनम में WAG9 तीन फेज लोको हेतु 6531 KVA का ट्रांसफार्मर की मरम्मत एवं पुनर्वास।
निविदा मूल्य (₹): 92,25,265.16, EMD (₹): 1,84,500.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 6 महीने।
निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 25.07.2025 को 1500 बजे।
इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS)/ विशाखापट्टनम
PR-329/Q/25-26


## राशिफल

**मेष**: मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष**: व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन**: भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क**: क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह**: नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या**: धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला**: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु**: पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर**: आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ**: कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन**: शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5921



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5920 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | | ज | | अ | प | रा | ध |
| | ल | | म | | ना | वि | क | | ल | ड़ |
| ह | | | ज | ल | न | | ल | | | क |
| म | क | स | द | | खा | ना | | थ | का | न |
| रा | | ब | | म | न | | ध्व | | लि | |
| ज | प | क | र | ना | | रा | ज | कु | मा | र |
| | ह | | वा | | या | त्री | | ली | | वा |
| क | रा | र | | न | न | | अ | न | ब | न |
| म | | | ज | | चा | क | र | | | गी |
| सि | ला | | ह | म | ल | | दा | | सां | |
| न | क | सी | र | | क | | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल - 5931

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5930 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## खबर संक्षेप

### वैश्विक मांग में नरमी से सोना 550 टूटा, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** नरम वैश्विक रुख और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगातार शुल्क की धमकियों के बाद सोमवार को सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये टूटकर 98,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अपने पिछले बंद भाव से 100 रुपये बढ़कर शनिवार को 99,120 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### सीमेंस एनर्जी का लाभ 36 फीसदी बढ़कर 246 करोड़




**नई दिल्ली।** सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) का जनवरी-मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही का शुद्ध लाभ 36.34 प्रतिशत बढ़कर 246.1 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि बिजली पारेषण और उत्पादन खंड से आय में वृद्धि के कारण उसका मुनाफा बढ़ा है।

## आईसीएआर की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित किया कृषि मंत्री ने

# सरकार तिलहन और दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने राज्यवार योजना करेगी तैयार

- योजना का उद्देश्य देश की आयात पर निर्भरता को कम करना
- भविष्य के अनुसंधान के रास्ते, राज्य के अनुसार तय करने होंगे
- दलहन और तिलहन में और अधिक शोध किए जाने की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि सरकार तिलहन और दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यवार और फसलवार योजना तैयार करेगी। इसका उद्देश्य देश की आयात पर निर्भरता को कम करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने इन जिंसों में अनुसंधान को मजबूत करने और केंद्र-राज्य सहयोग को बढ़ाने का आह्वान किया।

मंत्री ने कहा, ''भविष्य के अनुसंधान के रास्ते, राज्य के अनुसार तय करने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''मांग आधारित शोध करने की आवश्यकता है। शोध, केवल कागजी औपचारिकताओं के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि किसानों की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।''

### चुनौतियां अब भी बनी हुई

देश ने खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है, इस बात को स्वीकार करते हुए चौहान ने कहा कि चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, ''उत्पादन को और बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन में और अधिक शोध किये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए राज्यवार और फसलवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी।''

### घटिया कृषि आदानों की बिक्री पर सख्त कानून लाएगे



चौहान ने यह भी घोषणा की कि सरकार जल्द ही बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे घटिया कृषि आदानों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए एक सख्त कानून लाएगी। उन्होंने मध्य प्रदेश में घटिया सोयाबीन के बीजों की बिक्री की जांच के आदेश दिये।कृषि यंत्रीकरण पर मंत्री ने वैज्ञानिकों से किसानों की मांग के अनुसार प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों का आविष्कार करने का आग्रह किया।

### अप्रासंगिक योजनाओं को समाप्त करने का सुझाव

लाभार्थियों तक योजना के लाभ की पहुंच की निगरानी की आवश्यकता पर बल देते हुए चौहान ने राज्यों से योजनाओं की समीक्षा करने और प्रासंगिक योजनाओं को जारी रखने, अप्रासंगिक योजनाओं को समाप्त करने और नई योजनाएं शुरू करने का सुझाव देने को कहा। बैठक में एक दर्जन राज्य मंत्रियों ने भाग लिया, जिन्होंने सर्वसम्मति से कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए सार्थक प्रयास करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### कपास, गन्ना व अन्य फसलों पर भी होगी बैठक





मंत्री ने बताया कि फसलवार बैठकों की एक श्रृंखला शुरू हो गई है, जिसमें हाल ही में मध्य प्रदेश के इंदौर में सोयाबीन पर एक बैठक हुई। इसी तरह की बैठकें कपास, गन्ना और अन्य फसलों पर भी होंगी। उन्होंने कहा, ''राज्य की जरूरतों, जलवायु की उपयुक्तता और किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रत्येक फसल पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और उचित समाधान के साथ उत्पादन बढ़ाने पर काम किया जाएगा।''

### मक्का उत्पादन 2047 तक करना है दोगुना



चौहान ने कहा कि भारत 2047 तक अपने मक्का उत्पादन को मौजूदा 4.23 करोड़ टन से दोगुना करके 8.6 करोड़ टन तक पहुंचा सकता है। चौहान ने कहा कि दुनिया के पांचवें सबसे बड़े मक्का उत्पादक को आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का उपयोग किए बिना उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत है। चौहान ने कहा, '' हम आनुवंशिक रूप से संशोधित बीजों का इस्तेमाल नहीं करते हैं, लेकिन फिर भी हम उत्पादकता के स्तर को बढ़ा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत की औसत मक्का उत्पादकता 3.7 टन प्रति हेक्टेयर है।

## दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन की वकालत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों ने दी अपनी राय
- कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने सोमवार को यह राय जताई। सड़क सुरक्षा पर एक संगोष्ठी में सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) के अध्यक्ष रोहित बलूजा ने कहा कि अधिकारियों को दोपहिया वाहनों के लिए एक अलग लेन पर विचार करना चाहिए क्योंकि इससे चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बलूजा ने कहा, ''दोपहिया वाहनों के लिए विशेष लेन बनाने की जरूरत है, जो फिलहाल नहीं है। साथ ही कानूनों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इससे सवारों की सुरक्षा में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत को दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी खुद की वाहन सुरक्षा प्रणाली बनाने की जरूरत है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के कार्यकारी निदेशक प्रशांत के बनर्जी ने कहा कि भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि यात्री वाहनों में सर्वोत्तम सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं को स्थापित करने के बावजूद उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता की भारी कमी है।

### सभी दोपहिया में लगे एबीएस ब्रेक

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि सभी दोपहिया वाहनों के लिए एबीएस ब्रेक सहित सुरक्षित तकनीकी प्रणालियों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## पतंजलि ने लांच किया 'दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग'



- इंडियन डेंटल एसोसिएशन की उपस्थिति में हुआ अनावरण

**हरिद्वार।** पतंजलि आयुर्वेद ने एक बार फिर एक अभिनव पहल करते हुए 'दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग' नामक नया उत्पाद बाजार में लांच किया है। यह उत्पाद पारंपरिक आयुर्वेदिक प्रक्रिया 'गंडूष' पर आधारित है, जिसे दैनिक दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया गया है। इस भव्य कार्यक्रम में परम पूज्य स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण महाराज की उपस्थिति रही, वहीं इंडियन डेंटल एसोसिएशन उत्तराखंड शाखा के अध्यक्ष डॉ. राजीव बंसल, सचिव डॉ. विश्वजीत वालिया और कोषाध्यक्ष डॉ. वैभव पाहवा ने भी मंच साझा किया। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने जानकारी दी कि यह उत्पाद पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दन्त कांति गंडूष ऑयल पुलिंग केवल एक दैनिक मौखिक स्वच्छता की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। यह न केवल मुंह की सफाई करता है बल्कि दन्त रोगों से बचाव में भी अत्यंत प्रभावी है।

## आ गई देश के सबसे बड़े अमीरों की सूची, शीर्ष पर अंबानी तो दूसरे नंबर पर अदाणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका की प्रतिष्ठित मैग्जीन फोर्ब्स ने दुनिया के अमीरों की जुलाई 2025 महीने के लिए सूची जारी कर दी है, जिसमें मुकेश अंबानी देश के सबसे अमीर की लिस्ट में इस बार भी अव्वल स्थान पर बने हुए हैं। 116 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति यानी करीब 9.5 लाख करोड़ के साथ वे एशिया में सबसे धनी हैं। मुकेश अंबानी के बाद इस अमीरों की सूची में 67 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर हैं देश के दिग्गज उद्योगपति गौतम अदाणी। पिछले कुछ सालों में बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव ने रैकिंग में जरूर कुछ बदलाव किया, लेकिन वे देश के दूसरे सबसे अमीर है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर बंदरगाह और ऊर्जा तक उनका कारोबार फैसला हुआ है और वे एक प्रमुख चेहरा हैं।

### सातवें नंबर पर कुमार मंगलम बिड़ला

पांचवें नंबर पर 26.4 बिलियन डॉलर के साथ हैं दिलीप संघवी। छठे नंबर पर सीरम इंस्टीट्यूट के सायरस पूनावाला हैं, जिनकी संपत्ति 25.1 बिलियन डॉलर है। सातवें नंबर पर 22.2 बिलियन डॉलर के साथ आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला हैं। आठवें नंबर पर 18.7 बिलियन डॉलर के साथ हैं लक्ष्मी मित्तल।

### एचसीएल के नादर तीसरे नंबर पर

फोर्ब्स मैग्जीन की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं टेक्नोलॉजी सेक्टर की जानी-मानी हस्ती और एचसीएल के फाउंडर शिव नादर, फोर्ब्स मैग्जीन में इनकी कुल संपत्ति 38 बिलियन डॉलर आंकी गई है।


**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ. ग.)**
**दूरभाष क्र. - 07751-220658**
**Email-emrsgaurelapendramarwahi@gmail.com**

क्रमांक/PVTGRS/स्था./2025-26/925

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही,दिनांक 04/07/2025

**// दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव, छ.ग. राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 1564 दिनांक 20.05.2022 में दिए गए निर्देशानुसार कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक /PVTGRS/ स्था./2025-26/628 गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 06/06/2025 के माध्यम से जिले में संचालित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय धनौली, वि.खं. गौरेला के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अस्थाई रूप से शाला संचालन हेतु निर्धारित मानदेय पर अतिथि शिक्षकों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी एवं परीक्षण कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के सूचना पटल तथा जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही छ.ग. की वेबसाईट www.https://gaurela-pendra- marwahi.cg.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त अनंतिम दावा-आपत्ति सूची में किसी भी आवेदक को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अपना आपत्ति आवेदन के साथ सप्रमाण दिनांक 11.07.2025 तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास
गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

G- 252602040/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**( प्रथम आमंत्रण)**

दिनांक 04.07.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.07.2025 तक है।

| एन.आई.टी क्र / निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| NIT NO. 124 Tender No. 171573 | भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत व्यवहार न्यायालय भाटापारा के न्यायिक अधिकारी के लिये 01 नग डी टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण कार्य। | रू. 60.98 लाख |
| NIT NO. 125 Tender No. 171574 | जिला न्यायालय भवन धमतरी परिसर में लोक अभियोजन कार्यालय भवन हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य । | रू. 28.90 लाख |
| NIT NO. 126 Tender No. 171575 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग कार्य । | रू. 11.00 लाख |
| NIT NO. 127 Tender No. 171576 | जिला धमतरी के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भवन बड़ी करेली का रेनोवेशन एवं परिसर में अहाता निर्माण कार्य । | रू. 87.52 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है । (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर - 3 का शपथ पत्र बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़ आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)

G-252602027/2



**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर (छ.ग.)**
(वेबसाईट - www.pgiraipur.org ई-मेल dkspgi@gmail.com)

क्र./3638/ डी.के.एस. /स्था-1/2025 — **द्वितीय निविदा** — रायपुर, दिनांक 05.07.2025

**// रूचि की अभिव्यक्ति //**

दाऊ कल्याण सिंह स्नाकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर छ.ग. के विभिन्न वार्डो मे स्थापित 18 नग हेमिलटन वेन्टीलेटर मॉडल C2 एवं C3 मशीनो के मरम्मत कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति सेवा प्रदाता/ फर्मों द्वारा स्पीड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। हेमिलटन वेन्टीलेटर मशीनो को अभ्यर्थी द्वारा कार्यालीन समय सुबह 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक निरीक्षण किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र अस्पताल अधीक्षक, डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रूपये 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) का **"अस्पताल अधीक्षक, डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर"** के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट जमा कर अथवा वेबसाइट www.dkspgi.in से, दिनांक 08/07/2025 से कार्यालीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है ।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 16.07.2025 शायं 5.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 17.07.2025 शायं 5.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 18.07.2025 दोपहर 01.00 बजे
निविदा जमा करने एवं खोलने का स्थान - कार्यालय, अस्पताल अधीक्षक, डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर, घड़ी चौक, रायपुर (छ.ग.)

नोट- वेबसाइट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड किये जाने पर निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000.00 का पृथक से डिमांड ड्राफ्ट जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
डी. के. एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर रायपुर (छ.ग.)

G-252602021/1



**दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग (छ.ग.)**

क्र. स्था.नि.वि.दा. वा.च.का.वि. /2025/85 — दिनांकः 04/07/2025

**प्रवेश सूचना**

दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के अंतर्गत संचालित डेयरी पॉलीटेक्निक (बेमेतरा / तखतपुर ) में 02 वर्षीय डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु व्यापम द्वारा आयोजित PET 2025 की प्रावीण्य सूची अनुसार छ.ग. राज्य के मूल निवासी 10+2 कक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की ऑफलाईन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 16/07/2025 को दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु वि. वि. अंजोरा दुर्ग कैम्पस के कृषक छात्रावास (Farmer Hostel) में आयोजित है। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी http://cgkvmis.cg.nic.in एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dsvckvdurg.ac.in पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं जानकारी**

| पाठ्यक्रम | अवधि | 10+2 में अनिवार्य विषय |
|---|---|---|
| डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नालॉजी | दो वर्ष | भौतिक, रसायन एवं गणित |
| आयु | न्यूनतम आयु कैलेंडर वर्ष ( 31/12/2025 ) के अनुसार 17 वर्ष की हो । प्रवेश हेतु अधिकतम आयु सीमा का बंधन नही होगा । | |
| काउंसलिंग दिनांक एवं स्थान पी.ई.टी. कम्बांईड रैंक 01से अंतिम रैंक तक पंजीयन शुल्क | 16/07/2025 को प्रातः 10.00 से दोपहर 1.00 बजे तक स्थानः दा.वा.च.का.वि.वि. अंजोरा दुर्ग कैम्पस के कृषक छात्रावास (Farmer Hostel) रू. 500.00 सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 300.00 अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति हेतु। अभ्यर्थी को स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन फार्म सहित पंजीयन शुल्क जमा करना होगा | |
| पंजीकृत आवेदकों की दस्तावेज सत्यापन एवं सीट आबंटन प्रक्रिया (ऑफलाईन) | 16/07/2025 को ही दोपहर 2.00 बजे से प्रारम्भ होगी । | |
| सीट आबंटन पश्चात काउंसलिंग स्थल पर प्रवेश शुल्क ऑफलाईन जमा करना होगा । प्रवेश शुल्क सभी वर्गों एवं श्रेणियों के लिए राशि रू. 7390 / - देय होगा । | | |

नोटः- प्रथम काउंसलिंग पश्चात सीट रिक्त होने की स्थिति में आगे की काउंसलिंग (प्रवेश) संबंधी समस्त (सूचना) जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.dsvckvdurg.ac.in/ http://cgkvmis.cg.nic.in में प्रकाशित की जावेगी।

अतः इच्छुक अभ्यर्थीगण विश्वविद्यालय की वेबसाईट का निरंतर अवलोकन करते रहें ।

S-44460/1 — कुलसचिव



HMS शिव साईटिका तेल — शिव सायटिका — सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है — HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर — उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण, स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर — आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology — 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं: • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे — जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक — सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल — • प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304 — 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट — डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट) — डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ — लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक — सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

शाश्वत हॉस्पिटल — Dr. Vikas Mishra Ophthalmologist & Phasco Surgon M.B.B.S., M.S. (Ophthalmology) — चश्में से आजादी — मोतियाबिंद का ऑपरेशन (बिना टांके) फेको पद्धति द्वारा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिना इंजेक्शन (टॉपीकल फेको)। अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर। अभ्याधुनिक तकनीक द्वारा चश्में की जांच। — टिम्बर भवन के सामने, मेन रोड, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.), फोन : 0771-4060303, मो. 9753119900, www.shashwthospital.com

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# तूफानी गेंदबाज से डरे मैकुलम, बोले- लॉर्ड्स में बुमराह का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की जरूरत

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम पांचो दिन भारत से पीछे रही और लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह की चुनौती का सामना करने के लिए उन्हें अच्छी तरह से तैयार होने की जरूरत है।

बुमराह कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे, जिसमें भारत ने 336 रन से जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला बराबर की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इसके बाद पुष्टि की कि तेज गेंदबाज बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे। मैकुलम ने कहा, 'पूरी संभावना है कि बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे इसलिए हमें अच्छी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि वहां की पिच यहां की तुलना में भिन्न






होगी, जो हमारे लिए अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'दूसरे टेस्ट में हम पांचों दिन भारत से पीछे रहे। भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। शुभमन गिल बेहतरीन बल्लेबाज हैं और उन्होंने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया।

हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और वे पूरी तरह से जीत के हकदार थे।' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए भेजने का गलत फैसला किया और कुल मिलाकर पिच का आकलन भी गलत किया। मैकुलम ने कहा, 'मुझे लगता है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, हमने उस टॉस पर विचार किया और कहा कि क्या हमने अवसर गंवा दिया। हमें उम्मीद नहीं थी कि विकेट इतना अच्छा खेलेगा और इसलिए शायद हम थोड़ा गलत फैसला कर गए।

## एजबेस्टन में जीतना मेरी सबसे सुखद यादों में से एक

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने यहां श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ भारत को पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा। 25 वर्षीय गिल की कप्तानी की शुरुआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरूआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। भारत की टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर यह पहली जीत है। गिल ने कहा, 'यह ऐसी चीज है, जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे इस मैच का अंतिम कैच लेना था और मैं बहुत संतुष्ट और खुश हूं कि हम इस मैच को जीतने में सफल रहे।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'अभी तीन और महत्वपूर्ण मैच होने बाकी हैं। इस मैच के बाद तेजी से बदलाव होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा है क्योंकि अब लय हमारे साथ है।' गिल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, 'जिस तरह से सभी ने गेंद और बल्ले से योगदान दिया, वह बहुत सकारात्मक बात है। इससे ही कोई टीम चैंपियन बनती है और यह हमारे लिए अच्छे संकेत हैं।' भारतीय कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में अपने संबोधन में अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की।



## खबर संक्षेप



### आईसीसी से नए सीईओ बने संजोग गुप्ता

**दुबई।** भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया, जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं। उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी।

### डीपीएल में आमने-सामने होगा कोहली का भतीजा और सहवाग का बेटा




**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में दो हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग का जलवा देखने को मिल सकता है। इन दोनों को रविवार को हुई नीलामी के दौरान अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों ने खरीदा। उभरते हुए लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं, जिन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शुमार लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी (38 लाख रुपये) भी शामिल हैं। इस लीग के शुरुआती सत्र में किसी टीम से बोली हासिल करने में नाकाम रहे अंडर-19 बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आठ लाख रुपये में खरीदा।

### महाराष्ट्र टीम की तरफ से खेलेंगे पृथ्वी साव



**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी साव आगामी घरेलू सत्र के लिए सोमवार को महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। साव ने किसी और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी। साव को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था।

## दक्षिण अफ्रीका-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज

# मुल्डर बने टेस्ट में तीसरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान, रचा इतिहास

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने टेस्ट कप्तानी के पदार्पण मैच में दिखाया जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट कप्तानी पदार्पण पर साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया। वियान मुल्डर ने सोमवार को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ रोमांचक पारी खेली और वह ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी बने। मुल्डर ने पहले ही दिन टेस्ट कप्तानी डेब्यू पर सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बना दिया था। मुल्डर ने सिर्फ 297 गेंदों में अपना तिहरा शतक पूरा किया, जिससे वह दूसरे सबसे तेज तिहरा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में 367 रन पर बल्लेबाजी करते समय टीम की पारी घोषित कर पुरुष टेस्ट क्रिकेट में व्यक्तिगत रिकॉर्ड स्कोर बनाने का मौका गंवा दिया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर रहे मुल्डर ने मैच के दूसरे दिन सोमवार को उस समय पारी घोषित की जब वह ब्रायन लारा के 2004 में बनाए गए 400 रनों के रिकॉर्ड से सिर्फ 33 रन दूर थे। मुल्डर ने दिन के शुरुआती सत्र के बाद पांच विकेट पर 626 रन पर टीम की पारी घोषित की।



### तिहरा शतक जड़ने वाले अफ्रीका के दूसरे क्रिकेटर

भारत के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सबसे तेज 300 रन का रिकॉर्ड बनाया था, जिन्होंने 2008 में चेन्नई में साउथ अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 278 गेंदों पर 300 रन ठोक दिए थे। मुल्डर ने पिछले साल मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ हैरी ब्रूक के 310 गेंदों में बनाए गए तिहरे शतक को पीछे छोड़ते हुए चार्ट में दूसरा स्थान हासिल किया। साउथ अफ्रीका के लिए अपना 21वां टेस्ट खेल रहे मुल्डर तिहरा शतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के तीसरे खिलाड़ी बने। हाशिम अमला पहले ऐसा क्रिकेटर थे।

### 300 रन बनाने वाले सबसे युवा कप्तान

25 वर्षीय भारत के कप्तान शुभमन गिल इस सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ 269 रन पर आउट होकर रिकॉर्ड बनाने से चूक गए। मुल्डर 61 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए तिहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा टेस्ट कप्तान बन गए। 27 वर्ष और 138 दिन की उम्र में मुल्डर ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन (28 वर्ष 171 दिन) को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1964 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन बनाए थे।

**सबसे तेज तिहरा शतक**

| | |
|---|---|
| 278 गेंद | : वीरेंद्र सहवाग, भारत बनाम साउथ अफ्रीका–चेन्नई 2008 |
| 297 गेंद | : वियान मुल्डर, द.अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 310 गेंद | : हैरी ब्रूक, इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान–मुल्तान 2024 |
| 362 गेंद | : मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया बनाम जिम्बाब्वे–पर्थ 2003 |

**टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान**

| | |
|---|---|
| 27 वर्ष 138 दिन | : वियान मुल्डर (367), साउथ अफ्रीका बनाम जिम्बाब्वे–बुलावायो 2025 |
| 28 वर्ष 171 दिन | : बॉब सिम्पसन (311), ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड–मैनचेस्टर 1964 |
| 29 वर्ष 61 दिन | : महेला जयवर्धने (374), श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका–कोलंबो 2006 |
| 30 वर्ष 276 दिन | : माइकल क्लार्क (329*), ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत–सिडनी 2012 |

## अंडर 19 क्रिकेट

# इंग्लैंड ने जीता पांचवां वनडे सीरीज पर भारत का कब्जा



एजेंसी ▶▶| वॉरसेस्टर

इंडिया अंडर-19 टीम को हराकर इंग्लैंड अंडर-19 ने 7 विकेट ने पांचवा और अंतिम मैच अपने नाम किया। हालांकि सीरीज इंडिया अंडर-19 के नाम रही। पांच मैचों की सीरीज में भारत ने 3 मैच जीते और 2 मैच इंग्लैंड ने जीते। वैभव सूर्यवंशी का सीरीज में दबदबा रहा। उन्होंने 5 पारियों में 71 के औसत से 355 रन बनाए। 5वें वनडे की बात करें तो इंडिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 210 रन बनाए। इंग्लैंड अंडर-19 ने 31.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 311 रन बना लिए।इंडिया अंडर-19 की पारी

इंडिया अंडर-19 के लिए आरएस अंबरीश ने सबसे ज्यादा नाबाद 66 रन बनाए। इसके अलावा वैभव सूर्यवंशी ने 33, हरवंश सिंह और कनिष्क कौशिक ने 24-24 रन बनाए। राहुल कुमार ने 21 रन और युद्धजीत गुहा ने 10 रन बनाए। अनमोलजीत सिंह ने नाबाद 5, आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा ने 1-1 रन बनाए। दीरेश देवेंद्रन खाता नहीं खोल पाए। इंग्लैंड अंडर-19 के लिए एलेक्स फ्रेंच और रालेफ अलबर्ट ने 2-2 विकेट लिए।

### डूरंड कप: 23 जुलाई को ईस्ट बंगाल और साउथ यूनाईटेड एफसी में की भिड़ंत

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के 134वें सत्र के पहले मैच में 23 जुलाई को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में बेंगलुरु के साउथ यूनाईटेड एफसी से भिड़ेगा। टूर्नामेंट के दौरान छह शहरों में 43 मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 23 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही 24 टीम को चार-चार टीम के छह समूह में बांटा गया है। प्रत्येक टीम ग्रुप चरण में एक बार अन्य तीन टीम से भिड़ेगी। छह ग्रुप विजेता और दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे।

## विंबलडन

# जोकोविच पहुंचे क्वार्टर फाइनल में, एलेक्स डि मिनोर को दी मात

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 11वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। छठे वरीय जोकोविच पर 2016 से विंबलडन में सबसे जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन उन्होंने खराब शुरुआत से उबरकर डि मिनोर को 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

आठ बार के विंबलडन चैंपियन रोजर फेडरर भी जोकोविच के इस मुकाबले को देखने के लिए रॉयल बॉक्स में मौजूद थे। हालांकि 38 साल के जोकोविच की शुरुआत खराब रही



और उन्होंने बेहद एकतरफा पहला सेट गंवा दिया। जोकोविच ने इसके बाद वापसी करते हुए अगले दो सेट जीतकर 2-1 की बढ़त बनाई। चौथे सेट में डि मिनोर ने एक बार फिर दबदबा बनाते हुए 4-1 की बढ़त बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने आखिरी पांच गेम और अंतिम 15 में से 14 अंक जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 133 रनों से हराया, टेस्ट सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा।




### वेस्टइंडीज की शुरुआत रही खराब

वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आठ ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड ने दो विकेट लिए और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 5.3 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। मैच में छह विकेट लेने वाले लियोन ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज ग्लेन मैकग्रा की बराबरी करने से अब केवल एक विकेट दूर हैं।

# हॉकी टीम यूरोप दौरा: पहले मुकाबले में आयरलैंड से भिड़ेगी

एजेंसी ▶▶| आइंडहोवन (नीदरलैंड)

भारत ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है।



**भारतीय टीम आयरलैंड फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो मैच और इंग्लैंड व बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी**

शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा, 'यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा।' भारत ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी। संजय ने कहा, 'भारत ए पुरुष हॉकी टीम चुनौतियों से वाकिफ है और यह भी जानती है कि प्रतिद्वंद्वी कितनी कड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह मैच थोड़ा हटकर हैं क्योंकि हम विदेश में खेल रहे हैं।'

## एशियाई चैंपियनशिप के लिए निशानेबाजी टीम में हुआ चयन

# मनु भाकर दो स्पर्धाओं में साधेंगी निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं, जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की ओर से घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप




(राइफल/पिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता 7 से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। एनआरएआई द्वारा घोषित दो 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में ओलंपियन रायजा ढिल्लों ही एकमात्र बदलाव है। उन्हें मानसी रघुवंशी की जगह दिल्ली विश्व कप जूनियर महिला स्कीट टीम में शामिल किया गया है।

### स्वप्निल और राही ने टीम में बनाई जगह

*सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और केनान चेनाई (पुरुष ट्रैप) शामिल हैं। ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) दोनों सीनियर टीम में हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन और ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो जाने वाली टीम में जगह मिली है।*

**न्यायालय- श्रीमती पल्लवी तिवारी नवम जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग.**
**प्रकरण क्रमांक - 30B/2023 प्रोसेस क्र.-2138**
**पेशी दिनांक 04.08.2025**

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड ... वादी
विरूद्ध
कमला सिंह यादव व अन्य ... प्रतिवादीगण
**बनाम-** 01. कमला सिंग यादव, पिता-बुधीराम यादव उम्र 66 वर्ष, 02. श्रीमती सुशीला यादव, पति-कमला सिंग यादव, उम्र 63 वर्ष, दोनों निवासी-जी 3/11, कचना रोड, जी.ए.डी. कॉलोनी कचना सड्डू रायपुर छ.ग.।

वादी ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते 28,74,494/- रूपये (अक्षरी अठ्ठाईश लाख चौहत्तर चार सौ चौरान्बे रूपये) वसूल किये जाने बाबत प्रस्तुत किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 04.08.2025 को नियत है।

अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 04.08.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख की इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 02 माह 07 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
न्यायाधीश
मुहर
श्रीमती पल्लवी तिवारी नवम
जिला न्यायाधीश रायपुर छ.ग

न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला - दुर्ग (छत्तीसगढ़)
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन ( ईश्तहार)**
रा.प्र.क्र. 202503100100018 / 58 / ब - 121 / वर्ष 2021-22
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया,
शाखा - दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)................ वादी
प्रेषिती
श्री भुनेश्वर देवांगन आ. विश्वनाथ देवांगन, पता - 308/6, उरला, वार्ड नं.-56, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)....अनावेदक

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से कैश क्रेडिट लोन की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति - आवासीय भूमि खसरा नंबर - 163/85 क्षेत्रफल 2700 वर्गफीट भूमि जो मौजा- कोटनी, बघेरा रोड, वार्ड नं.56 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के पास तहसील व जिला दुर्ग में स्थित है, जो अनावेदिका सतवंतीन साहू के नाम पर है को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदकों को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। अनावेदक क्रं. -4 को जारी सूचना पत्र अदम तामिल वापस प्राप्त।

चुंकि अनावेदक को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 14/07/2025 को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
जिला दण्डाधिकारी,
दुर्ग

# पद्मनाभस्वामी मंदिर में सीक्रेट कैमरे वाला स्मार्ट चश्मा पहनकर घुसा शख्स

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर में स्मार्ट ग्लास पहनकर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे एक शख्स को पकड़ा गया है। श्रद्धालु की पहचान 66 वर्षीय सुरेंद्र शाह के रूप में हुई है, जो मूल रूप से गुजरात का रहने वाला है। सुरेंद्र शाह को रविवार शाम मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि मंदिर में अत्यंत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यहां श्रद्धालुओं के प्रवेश के नियम भी हैं। मंदिर प्रशासन ने सुरेंद्र शाह के खिलाफ लोक सेवकों के वैध आदेशों की अवज्ञा के तहत मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने कहा कि इस स्तर पर किसी गलत इरादे का संदेह नहीं है, लेकिन विस्तृत जांच चल रही है।

## मंदिर में दाखिल होते ही सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में लिया

### चश्मे में लगे हुए थे सीक्रेट कैमरे

पुलिस के मुताबिक, मंदिर में कैमरा लगे चश्मे जैसे उपकरण प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद सुरेंद्र स्मार्ट ग्लास पहनकर मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। शाह मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर में दाखिल हुआ। उसके हावभाव से सुरक्षाकर्मियों को उस पर शक हुआ और उन्होंने उसे वापस बुलाया। जांच करने पर पता चला कि उसके चश्मे में छिपे हुए कैमरे लगे थे।



### गर्भगृह में भगवान विष्णु की बड़ी मूर्ति

मंदिर का स्वर्ण जड़ति गोपुरम सात मंजिल का, 35 मीटर ऊंचा है। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु शेषनाग पर शयन मुद्रा में विराजे हुए हैं। भगवान विष्णु की विश्राम अवस्था को 'पद्मनाभ' कहा जाता है।

### मंदिर में प्रवेश करने के लिए हैं नियम

भारत के वैष्णव मंदिरों में शामिल केरल के इस ऐतिहासिक मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के नियम भी हैं। पुरुष केवल धोती पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं। वहीं महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य है। मंदिर में अन्य किसी भी लिबास में प्रवेश यहां वर्जित है। मंदिर में एक स्वर्ण स्तंभ बना हुआ है, जिसकी सुंदरता देखते ही बनती है।

## कांवड़ मेले के लिए चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा इंतजाम

**ऋषिकेश।** इसी सप्ताह शुरू हो रहे श्रावण कांवड़ मेले को बिना किसी अड़चन के संपन्न कराए जाने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। एक पखवाड़े तक चलने वाला कांवड़ मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल भर कर ले जाते हैं और उससे भोले बाबा का अभिषेक करते हैं। गढ़वाल के आईजी राजीव स्वरुप ने बताया कि कांवड़ मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। यात्रा के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए गंगा घाटों, रेलवे स्टेशनों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों के अलावा होटल, धर्मशाला और आश्रम जैसे संभावित शरण स्थलों पर नियमित जांच की जाएगी।

## नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 21 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया के उत्तर पश्चिमी प्रांत कानो में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। संघीय सड़क सुरक्षा कोर ने बताया कि रविवार को जारिया-कानो एक्सप्रेसवे पर एक भारी मालवाहक ट्रक और एक यात्री वाहन के बीच टक्कर हो गई। यह एक्सप्रेसवे देश के उत्तरी क्षेत्र के प्रमुख शहरों को जोड़ता है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसकी प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यात्री वाहन के चालक ने निर्धारित यातायात नियमों का उल्लंघन किया और विपरीत दिशा में गाड़ी चलाई जिससे उसका वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। बयान के अनुसार, इस दुर्घटना में केवल तीन लोग जीवित बच पाए और उन्हें भी चोटें आई हैं, जबकि 19 पुरुष और दो महिलाओं की मौत हो गई।




## राहुल गांधी ने शेयर बाजार को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा

# राहुल ने सेबी पर उठाए सवाल, भाजपा बोली आपकी राजनीति ही डूब रही है, बाजार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने शेयर बाजार और उसमें चल रहे खेल को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि बड़े खिलाड़ी छोटे निवेशकों को लूट रहे हैं। राहुल के बयान पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि सेबी के कारण शेयर बाजार नहीं डूब रहा बल्कि उनकी राजनीति डूब रही है। भाजपा ने कहा राहुल सिर्फ डर और भ्रम फैलाने में लगे हैं, असल में लाखों छोटे निवेशकों ने शेयर बाजार से अच्छा पैसा कमाया है।

### क्या कहा था राहुल गांधी ने

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शेयर बाजार को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफ एंड ओ) बाजार अमीरों का खेल बन चुका है और छोटे निवेशकों की जेब खाली हो रही है। उन्होंने हाल ही में सेबी की कार्रवाई का हवाला देते हुए पूछा कि जब हजारों करोड़ का घोटाला हुआ, तब सेबी चुप क्यों बैठा था?





### राहुल को कांग्रेस के पुराने घोटाले याद दिलाए

अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस के दौर में ही हर्षद मेहता, केतन पारेख और यूटीआई जैसे घोटाले हुए। उस समय बाजार में लूट मची थी और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी थी। लेकिन मोदी सरकार में सेबी पर भरोसा बढ़ा है और नियम सख्त हुए हैं।

### सेबी को लेकर राहुल ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

राहुल ने सेबी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जाने स्ट्रीट नाम की कंपनी ने बाजार में हेरफेर किया और सरकार आंखें मूंदे बैठी रही। उन्होंने पूछा कि क्या और भी ऐसे खिलाड़ी हैं जो बाजार में गड़बड़ कर रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें बचा रही है? राहुल ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीयत पर भी सवाल खड़े किए।

### डर फैलाकर राहुल लोगों को गुमराह न करें

बीजेपी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल सिर्फ डर और भ्रम फैलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सेबी चुप होता तो जाने स्ट्रीट पर कार्रवाई नहीं होती। सरकार ने सेबी को पहले से ज्यादा मजबूत, पारदर्शी और स्वतंत्र बनाया है।

### लाखों छोटे निवेशकों ने कमाया मुनाफा, बाजार में विश्वास बढ़ा

बीजेपी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में म्यूचुअल फंड उद्योग 576 प्रतिशत बढ़ा है। एक करोड़ से बढ़कर चार करोड़ निवेशक बाजार से जुड़े हैं। एसआईपी में निवेश 4.5 गुना बढ़ा है और 2020 से अब तक 580 से ज्यादा कंपनियों ने **IPO** लाया है, जिससे आम लोगों को मुनाफा हुआ है।

### राहुल खुद निवेश कर रहे दूसरों को डरा रहे

अमित मालवीय ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी खुद तो चुपचाप अपना निवेश बढ़ा रहे हैं, लेकिन जनता को डराने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का शेयर बाजार लाखों नए निवेशकों को कमाई का मौका दे रहा है, राहुल और कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति इसमें कोई रोड़ा नहीं डाल सकती।







डेस्टिनी 125 | बेस्ट-इन-क्लास माइलेज 60## km/l | बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स | बड़ी और आरामदायक सीट | एलईडी प्रोजेक्टर हेडलाइट डी आर एल के साथ

कम डाउन पेमेंट ₹1999^ | कम ब्याज दर 7.99%^ | ADDITIONAL CASH DISCOUNT* AVAILABLE ON Flipkart amazon | GREEN BONUS OF ₹2000$ FOR VEHICLE SCRAPPING | pine labs PAY LATER CASHBACK UPTO ₹7500* | TOLL FREE NO. 1800-266-0018 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. ##Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer valid till 31st July. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभोरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरूनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, डागिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/6260472025, कुम्हारीः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, मोहरा पाराः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, डड़पिनाः अंशु ऑटो, 6261421161, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983

RS/Hero/07/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com